


सांध्य दैनिक

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534

डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच




वर्ष- 14 अंक - 183 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, सोमवार 17 अप्रैल 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास-खबर

### पेट्रोल पंप पर तेल भरवाने के दौरान बस में लगी आग, किसी के हताहत होने की सूचना नहीं

बलोद। बालोद शहर के मिनी माता चौक के पास भाटिया पेट्रोल पंप में बड़ा हादसा टला गया। डीजल भरवाने के दौरान एक निजी ट्रांसपोर्ट कंपनी की बस में आग लग गई और इसे देखकर आसपास के लोगों में अफरातफरी मच गई। और आसपास के लोगों की नजर आग पर पड़ी तो लोगों ने बहादुरी दिखाते हुए अग्निशमन सिलेंडर के माध्यम से तत्काल बुझाने का प्रयास किया गया चूंकि आग तुरंत ही लगी थी और फैल नहीं पाई, जिसके कारण आग बुझाने में काबू पाया गया। घटना सोमवार सुबह आठ बजे की बताई जा रही है। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि बस के डीजल टैंक में लीकेज था, जिसके कारण इस आग लगना बताया जा रहा है। यह बस डीजल भरवाने के लिए खड़ी हुई थी, गनीमत रही कि पंप आग के चपेट में नहीं आया, नहीं तो बड़ी घटना घटित हो सकती थी। आग लगने की घटना के बाद बस को पेट्रोल पंप के पास से धक्का देकर दूर हटाया गया।

### राजनांदगांव में ट्रेक्टर से टकराई यात्री बस, बस ड्राइवर व हेल्पर की मौके पर मौत

**राजनांदगांव।** अमरावती से रायपुर के लिए निकली यात्री बस सोमवार तड़के राजनांदगांव जिले के कोहका गांव के पा दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बस की टक्कर सामने से आ रहे एक ट्रेक्टर से हो गई। हादसे में बस चालक व हेल्पर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घटना में ट्रेक्टर पर सवार चार लोग भी घायल हुए हैं जिन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद बस में सवार यात्रियों को दूसरे साधन से भेजा गया है। फ़िलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार यह हादसा सोमवार तडके 5 से 6 बजे के बीच की बताई जा रही है। अमरावती महाराष्ट्र से रायपुर के निकली यात्री बस आज सुबह तुमड़ीबोड कोहका गांव के पास हादसे का शिकार हो गया। ट्रेक्टर से टकराने से बस पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और मौके पर ही चालक व हेल्पर की मौत हो गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को निकलवाया और पीएम के लिए भेजा। मृतकों की पहचान राजस्थान निवासी प्रेम सिंह व बीजापुर निवासी तेजा राम पल्लो के रूप में हुई है। बस में करीब 20 यात्री सवार थे। हादसे में बस सवार हताहत नहीं हुए हैं। वहीं ट्रेक्टर सवार 4 लोग घायल हो गए जिन्हें राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।

# केन्द्र सरकार ने समलैंगिक विवाह वाली याचिकाओं पर उठाए सवाल कहा-शहरी अभिजात वर्ग की सोच पूरे समाज पर नहीं थोप सकते

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** समलैंगिक विवाह के खिलाफ केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में नया आवेदन दायर किया है। इस आवेदन में केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने वाली याचिकाओं पर विचार करने पर सवाल उठाए हैं। केंद्र ने कहा है कि शादी एक सामाजिक संस्था है और इस पर किसी नए अधिकार के सृजन या संबंध को मान्यता देने का अधिकार सिर्फ विधायिका के पास है और यह न्यायपालिका के अधिकारक्षेत्र में नहीं है।



### केंद्र ने समलैंगिक विवाह को लेकर दिए ये तर्क

केंद्र ने आवेदन में ये भी कहा है कि समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने का व्यापक असर होगा और सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिकाएं पूरे देश की सोच को व्यक्त नहीं करती हैं बल्कि ये शहरी अभिजात वर्ग के विचारों को ही दर्शाती हैं। इसे देश के विभिन्न वर्गों और पूरे देश के नागरिकों के विचार नहीं माने जा सकते।

आवेदन में सरकार ने कहा कि 'सुप्रीम कोर्ट याचिकाओं की विचारणीयता पर विचार करे कि क्या इन्हें सुना जा सकता है या नहीं। कानून सिर्फ विधायिका द्वारा बनाया जा सकता है, न्यायपालिका द्वारा नहीं। याचिकाकर्ताओं ने एक नई विवाह संस्था बनाने की मांग की है, जो मौजूदा कानूनों की अवधारणा से अलग है। विवाह संस्था को सिर्फ सक्षम विधायिका द्वारा मान्यता दी जा सकती है।'

### सुप्रीम कोर्ट में दायर हुई हैं कई याचिकाएं

बता दें कि समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में 15 याचिकाएं दायर की गई हैं। इन याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की पीठ ने इन याचिकाओं को पांच जजों की संविधान पीठ के समक्ष भेजने का निर्देश दिया था। सुप्रीम कोर्ट 18 अप्रैल को इन पर सुनवाई कर सकता है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया शिलान्यास

# रायपुर में बनेगा 500 सीटर बीपीओ सेंटर मल्टीनेशनल कंपनियों में मिलेंगे रोजगार



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज रायपुर शहर में 500 सीटर बीपीओ सेंटर स्थापित करने के लिए भूमिपूजन किया। लगभग 10 करोड़ रूपए की लागत से यह बीपीओ सेंटर कलेक्टोरेट के सामने मल्टीलेवल पार्किंग के पाचवें तल पर शुरू होगा। शिलान्यास के बाद मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि इस बीपीओ सेंटर की स्थापना से रायपुर के युवाओं को उन्नत व आधुनिक सुविधाओं के जरिए रोज़गार के नये रास्ते खुलेंगे। बीपीओ से मल्टीनेशनल बड़ी कंपनियों में नौकरी से युवाओं में आत्मनिर्भरता आएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बीपीओ के जरिए कॉल सेंटर कस्टमर सपोर्ट, सेल्स एंड मार्केटिंग, डाटा एंट्री, टेक्निकल सपोर्ट, चौट सपोर्ट, बैंक एंड फ्रंट ऑफिस वर्क, सोशल मीडिया हैण्डलिंग, डाटा एनालिसिस जैसे आउटसोर्सिंग व्यवसाय से युवा जुड़ सकेंगे। उन्होंने कहा कि कहा कि सूचना क्रांति के इस दौर में रायपुर में लम्बे समय से ऐसे आधुनिक बीपीओ सेंटर की आवश्यकता महसूस हो रही थी, जहां कार्य करते हुए कम लागत पर बेरोजगार व महाविद्यालयीन शिक्षा प्राप्त कर रहें युवाओं को पूरी दुनियां से जुड़कर अपने कौशल बढ़ाने का समुचित अवसर मिले। उन्होंने कोरोना महामारी के दौरान की परिस्थितियों को याद करते हुए कहा कि कोरोना काल में भी हर घर तक संदेशों को पहुंचाने के लिए ऐसे बीपीओ आधारित हाइटेक कॉल सेंटर की आवश्यकता शहर में महसूस की जा रही थी। अब इस बीपीओ के बन जाने से रायपुर शहर में भी कई जन सुविधाएँ शुरू हो सकेंगी जिनसे लोगो को त्वरित लाभ मिलेगा।

### दूसरे शहरों में जाते हैं छत्तीसगढ़ के युवा

रायपुर में इस तरह के कॉल सेंटर उपलब्ध नहीं होने के कारण यहां के युवाओं को इंदौर, बैंगलुरू जैसे अन्य महानगरों में जाकर रोजगार के अवसर तलाशने पड़ते थे। प्रतिस्पर्धा के दौर में सीमित संसाधनों के कारण यहां कें युवा रोजगार से वंचित हो जाते थे। अब रायपुर में बीपीओ सेंटर खुल जाने से ऐसे युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। सेंटर के मार्फत देश-विदेश की बड़ी कंपनियों और वाणिज्यिक सेवा संस्थानों से जुड़कर स्थानीय युवाओं की रोजगार और विकास में भागीदारी भी बढ़ेगी। इसके साथ ही नई तकनीकों के उपयोग से विभिन्न कंपनियों में संपर्क होने से युवाओं का संवाद कौशल भी बढ़ेगा, जिससे विकास के नए रास्ते खुलेंगे।



### नगर निगम रायपुर को मिले 84 नए सफाई वाहन, सीएम बघेल ने दिखाई हरी झंडी

उत्तर रायपुर विधानसभा क्षेत्र में आयोजित होने वाले भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान 17 अप्रैल को रायपुर शहर को 84 नए सफ़ाई वाहनों की बड़ी खेप मिली। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज 10 करोड़ 12 लाख रूपए की लागत के इन छोटे-बड़े वाहनों का लोकार्पण किया। इन वाहनों के नगर निगम के सफ़ाई बेड़े में शामिल हो जाने से निगम क्षेत्र में कचरा और अन्य दूसरे अपशिष्टों को इकट्ठा करने, उनका परिवहन करने और उनका निष्पादन करने में बड़ी सहुलियत होगी।

मुख्यमंत्री बघेल ने आज 30 हाइड्रोलिक टिपर, 20 मिनी टिपर, 07 यूटिलिटी विकल्प, 05 वैक्यूम सक्शन मशीन, 01 चैन माउंटेड डिगर, 10 तीन क्यूबिक मीटर के हाइड्रोलिक टिपर, 03 मिनी पोकलेन, 01 टैक्टर संचालित वाटर कैनन सिस्टम, 06 कैंफर और 01 बोलेरो वाहन नगर निगम रायपुर को सौपे। इस अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री रविन्द्र चौबे, रायपुर उत्तर विधायक कुलदीप जुनेजा,नगर निगम महापौर एज़ाज़ ढेबर,नगर निगम के सभापति प्रमोद दुबे, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष महेंद्र सिंह छाबड़ा, संचालक नगरीय प्रशासन डॉ. अय्याज फ़क़ीर भाई तम्बोली, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे, निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी, सहायक कलेक्टर जयंत नाहटा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# लगातार तीसरे दिन घटे कोरोना के मामले, 24 घंटे में 9111 केस, सक्रिय मामले 60,000 पार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में पिछले 24 घंटे में कोरोना के 9 हजार 111 नए मामले मिले हैं। वहीं, 27 लोगों की संक्रमण से मौत हुई है। यह लगातार तीसरा दिन है, जब देश में कोरोना के रोजाना मिलने वाले केस कम हुए हैं। हालांकि, सक्रिय मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। सोमवार सुबह तक देश में कोरोना के 60 हजार 313 मरीज हैं।



इसी के साथ देश में अब तक कोरोना की चपेट में आने वालों की कुल संख्या 4,48,27,226 हो गई है। वहीं, इससे मरने वालों की संख्या 5 लाख 31 हजार 141 पहुंच गई। रविवार-सोमवार के बीच सबसे ज्यादा छह मौतें गुजरात में हुईं। वहीं, उत्तर प्रदेश में चार, दिल्ली-राजस्थान में तीन-तीन, महाराष्ट्र में दो; बिहार, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, केरल, झारखंड और तमिलनाडु में एक-एक व्यक्ति की कोरोना से जान गई। मृतकों की संख्या में केरल की तरफसे भी तीन मौतों का इजाफा किया गया है।

देश में फिलहाल दैनिक संक्रमण दर 8.40 फीसदी दर्ज किया गया है, वहीं साप्ताहिक संक्रमण दर 4.94 फीसदी है। भारत में मरीजों के ठीक होने की दर 98.68 फीसदी है।

### छत्तीसगढ़ में बढ़ रहे कोरोना के आंकड़े मिले 135 संक्रमित, एक मरीज की मौत

छत्तीसगढ़ में कोरोना के आंकड़े में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। दिनों दिन कोरोना के मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है। पिछले 24 घंटे में कुल 1443 सैंपल की जांच हुई, जिसमें 135 कोरोना मरीजों की पहचान हुई है। तीन कोरोना पेसेंट हॉस्पिटल से व 51 कोरोना पेसेंट होमाइसोलेशन से डिस्चार्ज हुए हैं। वहीं एक कोरोना मरीज की मौत हुई है। प्रदेश में अब एक्टिव केस की संख्या 1841 हो गई है।

छत्तीसगढ़ में 18 जिला से कोरोना संक्रमित पाए गए। बाकि जिलों में कोरोना का कोई नया मामला नहीं आया है। प्रदेश में 16 अप्रैल को 18 जिला में 135 मरीज पाए गए हैं। जहां बिलासपुर में सबसे अधिक 23 मरीज मिले हैं। इसके अलावा कोंडागांव में 19, दुर्ग में 20, सरगुजा में 12, रायगढ़ में 12 और रायपुर में 11 मरीज मिले। वहीं बाकी जिलों में 10 से भी कम मरीज मिले हैं।

# चंदखुरी के राइस मिल में लगी भीषण आग, मशीनों के साथ धान व चावल भी खाक, आग बुझाने करनी पड़ी 5 घंटे मशक्कत



श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** दुर्ग जिले के चंदखुरी स्थित राकेश राइस मिल में देर रात भीषण आग लग गई। मिल में आग ऐसे फैली की वहां के कर्मचारियों को बुझाने का भी मौका नहीं मिला। आनन फानन में पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड को आग पर काबू पाने में लभग 4 से 5 घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी। रविवार देर रात लगी आग पर दमकल कर्मियों ने सोमवर की सुबह तक काबू पाया।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार रात 10 बजे पुलिस को सूचना मिली कि चंदखुरी गांव में स्थित राकेश राइस मिल में आग लग गई है। इसके बाद पुलिस ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। लगभग 11 बजे तक फायर ब्रिगेड भी मौके पर पहुंच गया। तब तक आग काफी फैल चुकी थी। राइस मिल की आग इतनी भयानत थी कि आसपास किसी को जाने नहीं दिया गया। फायर ब्रिगेड ने पानी के साथ की फोम का भी सहारा लिया। सोमवार तड़े 4 बजे तक आग बुझाने दमकल कर्मी मशक्कत करते रहे। लगभग 5 घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

### मशीनों के साथ धान व चावल भी जला

आग के कारण राइस मिल में लाखों का सामान जल गया। नुकसान का आंकड़ा ज्यादा भी हो सकता है क्योंकि आग के कारण राइस मिल की मशीनें जल गई। यहां रखी धान की बोरियां, चावल व बारदाने भी जल गए। आग कैसे लगी इसकी जानकारी नहीं हो पाई है। पुलगांव पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है। संभावना जताई जा रही है कि आग लगने का कारण शार्ट सर्किट हो सकता है। मिल संचालक को भी आग लगने के कारण का पता नहीं है।

# हनी सिंह के पास भी है अपनी भीड़

श्रीकंचनपथ




जब भीड़ ही सफलता का पैमाना बन जाए तो इसे जुटाने की तकनीक पर तो नवाचार होंगे ही। मामला धर्म का हो या राजनीति का, शिक्षा का हो या मनोरंजन का, भीड़ ही आपकी सफलता का ग्राफ तय करती है। संतों-नेताओं को मुफ्त में सुनने के लिए लोग नहीं मिलते। लोगों को प्रलोभन देकर ट्रक, ट्रैक्टर-ट्राली में ढोकर लाना पड़ता है। हनी सिंह को लाइव देखने-सुनने के लिए लोग 20-20 हजार रुपए तक के टिकट खरीदते हैं। बेकाबू भीड़ बाउंसरों के पसीने छुड़ा देती है। इन कार्यक्रमों में हनी सिंह बेलगाम होता है। वह मंच से गालियां बकता है। लोगों से गालियां रिपीट करवाता है। फूहड़ और अश्लील इशारे करता है। उंगलियों और होठों से किये जाने वाले इन इशारों को समझने की औकात उनकी नहीं है जो 1990 से पहले पैदा हो गये थे। इसे समझने के लिए युवा खून चाहिए। खून में नशा चाहिए। आज देश में सबके पास अपनी-अपनी भीड़ है। कोई हिन्दुओं को साध रहा है तो कोई मुसलमानों को। हिन्दुत्व और सनातन रक्षकों के उकसावे पर अब तो ईसाई भी सड़कों पर उतर आए हैं। मोदी-योगी-राहुल सभी के पास अपनी-अपनी भीड़ है। रही टेस्ट की बात तो शाकाहार का प्रचार करने वालों के पास अपनी भीड़ है और भिलाई के मॉल रोड पर सजी लगभग दो दर्जन मांसाहारी दुकानों के पास भी अपने विशिष्ट ग्राहक हैं। कुमार विश्वास के पास अपने फैन्स हैं तो संपत सरल को चाहने वालों की भी कमी नहीं है। अरुण जेमिनी जहां लट्ठमार हरियाणवी शैली में पारिवारिक चुटकुलों से ही हास्य पैदा कर लेते हैं वहीं कपिल शर्मा की अपनी छेड़खानी वाली विशिष्ट शैली है। दोनों ही सफल हैं और दोनों के ही पास अपनी-अपनी भीड़ है। श्लील-अश्लील शब्द समय के साथ बदलते रहते हैं। कभी फिल्मों में प्यार फूल और भंवरों के बीच होता था अब चूमा-चाटी और लव-मेकिंग सीन्स आम हैं। अब शब्दों का केवल दो ही वर्गीकरण रह गया है। चूंकि देश संविधान से चलता है इसलिए शब्दों के नए दायरे हैं - संसदीय अथवा असंसदीय। धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाली बातें भी असंसदीय हैं क्योंकि कानून इसकी इजाजत नहीं देता। गंदी बात और गंदे इशारों के लिए अलग कानून हैं। गंदी बात को लेकर हनी सिंह पर पहले भी एफआईआर हुए हैं। कई बार जेल जाने की नौबत आ चुकी है। इन्हीं कथित-अश्लील गानों को जब उन्होंने रायपुर में दोहराया तो भीड़ झूम उठी। कुछ लोगों को उनके ये गीत आपत्तिजनक लग सकते हैं पर इससे क्या वाकई कोई फर्क पड़ता भी है। देश के कई नेता अपने बिगड़े बोलों और भड़काऊ भाषणों के कारण ही जाने जाते हैं, पर सबकी दुकान चल रही है। पेशेवर-पेशेवर में कोई फर्क नहीं किया जाना चाहिए। किसी का पेशा नेतागिरी है तो किसी का संगीत। हनी सिंह वही गायेगा जिसे उसके फैंस पसंद करेंगे। क्या पता इसी के चलते किसी दिन वह विधायक या सांसद बन जाए।



## संपादकीय

# मास्क से शिकायत

कोरोना संक्रमण के तेज होते ही मास्क की वापसी हो जाती है। दुनिया में एक बड़े समूह ने तो मास्क को अपने व्यवहार में शामिल कर लिया है, लेकिन क्या मास्क सेहत के मुफीद है? मास्क पहनने के प्रतिकूल प्रभावों पर गौर करने वाले 2,168 अध्ययनों की एक व्यवस्थित समीक्षा में पाया गया है कि मास्क से खुजली, सिरदर्द और ऑक्सीजन के कमी सहित अनेक नकारात्मक स्वास्थ्य परिणाम सामने आए हैं। फ्रंटियर्स इन पब्लिक हेल्थ में प्रकाशित समीक्षा में बताया गया है कि मेडिकल सर्जिकल और एन95 मास्क, दोनों में महत्वपूर्ण प्रभाव हुआ है। कई अध्ययनों के मेटा-विश्लेषण में पाया गया कि सिरदर्द मास्क पहनने वालों के बीच सबसे ज्यादा पाया जाने वाला लक्षण है। सामान्य मास्क के उपयोग से सिरदर्द की 62 प्रतिशत आशंका और एन95 मास्क के उपयोग से 70 प्रतिशत आशंका होती है। सामान्य मास्क के उपयोग से 33 प्रतिशत और एन95 के उपयोग से 37 प्रतिशत लोगों में सांस की तकलीफदेखी गई है। 17 प्रतिशत सर्जिकल मास्क पहनने वालों ने खुजली का अनुभव किया है। जो लोग एन95 पहन रहे थे, उनमें से 51 प्रतिशत को खुजली की शिकायत से गुजरना पड़ा। इतना ही नहीं, मास्क की वजह से मुंहासे की समस्या भी बढ़ी है। 38 फीसदी लोग मुंहासे के शिकार हुए हैं, तो 36 प्रतिशत लोगों को मास्क पहनने की वजह से त्वचा में जलन महसूस हुई है। सबसे गंभीर बात तो यह कि पांच प्रतिशत लोगों को मास्क पहनने की वजह से चक्कर आया है। जिन लोगों ने मास्क का ज्यादा उपयोग किया है, उन्हें ज्यादा परेशानी हुई है और नुकसान भी। जिन लोगों ने समय-समय पर इसका इस्तेमाल किया है, वे ज्यादा फायदे में रहे हैं। इससे एक नतीजा यह निकलता है कि भीड़ में ज्यादा रहने से बचना कोरोना या किसी संक्रमण से बचने का एक बेहतर उपाय हो सकता है। जहां भीड़ नहीं है, वहां मास्क से कुछ देर के लिए समझौता किया जा सकता है, इससे सेहत को भी लाभ है। अध्ययन से यह भी पता चला है कि मास्क पहनने से बहुत से लोगों में थकावट का एहसास बढ़ा है। हालांकि, यहां भी मास्क उन लोगों के लिए ज्यादा नुकसानदायक रहे हैं, जो पहले से ही किसी बीमारी की वजह से कमजोर हैं। मास्क के इस्तेमाल से ऑक्सीजन ग्रहण करने में बाधा हुई है और साथ ही कार्बन डाई-ऑक्साइड के निकलने में रुकावट भी हुई है। सांस के प्रदूषित होने की वजह से भी बीमारियों को बढ़ावा मिलता है। समीक्षा में यह भी कहा गया है कि हो सकता है, मास्क से जुड़े कई लक्षणों को लॉन्ग कोविड के लक्षणों के तौर पर गलत ढंग से समझा गया हो। समीक्षा में यह सुझाव भी दिया गया है कि वायरल संक्रमण के खिलाफमास्क की प्रभावशीलता को ध्यान में रखते हुए ही दुष्प्रभावों का आकलन किया जाना चाहिए। यह समीक्षा मास्क के विरुद्ध एक बड़ा मामला खड़ा कर देती है। मास्क पर विश्वास हिलने लगता है, लेकिन तब भी यह कहने में कोई हर्ज नहीं है कि कई मामलों में मास्क ने हमारा बचाव किया है। क्या यह सही नहीं है कि वैज्ञानिक और डॉक्टर दशकों से मास्क का उपयोग कर रहे हैं? क्या मास्क से डॉक्टरों और वैज्ञानिकों को कोई परेशानी नहीं होती होगी? जिस स्तर का प्रदूषण या संक्रमण इन दिनों अनेक जगह दिख रहा है, उसमें मास्क बचाव का एक बेहतर तरीका है। हां, उसे लगातार पहनने के खिलाफदलीलें जरूर पेश की जा सकती हैं, लेकिन उसकी जरूरत को पूरी तरह से खारिज कतई नहीं किया जा सकता।

> “ अध्ययन से यह भी पता चला है कि मास्क पहनने से बहुत से लोगों में थकावट का एहसास बढ़ा है। हालांकि, यहां भी मास्क उन लोगों के लिए ज्यादा नुकसानदायक रहे हैं, जो पहले से ही किसी बीमारी की वजह से कमजोर हैं। मास्क के इस्तेमाल से ऑक्सीजन ग्रहण करने में बाधा हुई है और साथ ही कार्बन डाई-ऑक्साइड के निकलने में रुकावट भी हुई है।

## तमिलनाडु विधानसभा का जरूरी प्रस्ताव

तमिलनाडु से लेकर केरल और झारखंड तक कई ऐसे मामले देखने को मिले, जब राज्यपालों ने समय सीमा तय नहीं होने के प्रावधान का इस्तेमाल कर सरकार की सिफारिशें या विधानसभा से पारित विधेयक रोके रखे। तमिलनाडु विधानसभा ने एक प्रस्ताव पास किया है, जो राज्यपालों के कामकाज को देखते हुए बेहद जरूरी प्रतीत हो रहा है। राज्य की विधानसभा ने प्रस्ताव पास करके केंद्र सरकार से अपील की है कि वह विधानसभा से पास किए गए विधेयकों को राज्यपाल से मंजूरी मिलने की एक समय सीमा तय करने का कानून बनाए। इस कानून की जरूरत इसलिए है क्योंकि कई राज्यों में यह देखने को मिला है कि विधानसभा से पास किए गए विधेयक महीनों तक राजभवन में लंबित रहते हैं। सरकार की ओर से भेजे गए प्रस्ताव पर महीनों या बरसों तक राज्यपाल फैसला नहीं करते हैं। इससे सरकार का कामकाज प्रभावित होता है। इस तरह की घटनाएं आमतौर पर गैर भाजपा दलों के शासन वाले राज्यों में हो रही हैं। तमिलनाडु में पिछले दिनों राज्यपाल ने ऑनलाइन गैम्बलिंग को रोकने वाले विधेयक को मंजूरी दी। उससे पहले यह विधेयक 131 दिन यानी चार महीने से ज्यादा समय तक राज्यपाल के यहां लंबित रहा था। ऐसी स्थिति से बचने के लिए तमिलनाडु विधानसभा ने प्रस्ताव पास किया है। संविधान का अनुच्छेद 163 राज्यपाल को स्वविवेक से फैसला करने का अधिकार देता है। इसी के तहत विधानसभा से पास करके भेजे गए किसी विधेयक को मंजूरी देने का मामला भी आता है। यह राज्यपाल के स्वविवेक पर निर्भर करता है और संविधान में ऐसी कोई समय सीमा तय नहीं की गई है कि राज्यपाल कितने समय के भीतर विधेयक को मंजूर करके या बिना मंजूर किए वापस लौटाएंगे। संविधान की इस अस्पष्टता का फायदा उठा कर कई राज्यपाल विधानसभा से पास किए गए विधेयकों को अनिश्चितकाल तक रोके रखते हैं। इससे राज्य सरकारों के कामकाज पर असर होता है।

तमिलनाडु से लेकर केरल और झारखंड तक कई ऐसे मामले देखने को मिले, जब राज्यपालों ने समय सीमा तय नहीं होने के प्रावधान का इस्तेमाल कर सरकार की सिफारिशें या विधानसभा से पारित विधेयक रोके रखे। झारखंड के मुख्यमंत्री की विधानसभा से अयोग्यता के मसले पर चुनाव आयोग ने पिछले साल अगस्त में अपनी रिपोर्ट राज्यपाल को भेजी थी, जिसे राज्यपाल ने अभी तक सार्वजनिक नहीं किया है। इसी तरह महाराष्ट्र में तत्कालीन उद्धव ठाकरे सरकार की ओर से विधान परिषद में नामित करने के लिए 12 नामों की सिफारिश राज्यपाल से की गई थी लेकिन एक साल से ज्यादा समय तक राज्यपाल ने उन नामों को मंजूरी नहीं दी। इससे राज्य सरकार और राज्यपाल के बीच टकराव बढ़ता है। ऐसी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए राज्यपालों की मंजूरी की समय सीमा तय होनी चाहिए।

## उद्धव का महत्व बढ़ाएगी कांग्रेस

ऐसा लग रहा है कि कांग्रेस पार्टी अपने सहयोगी उद्धव ठाकरे का महत्व बढ़ाएगी। सावरकर पर दिए राहुल गांधी के बयान के बाद से पार्टी की ओर से शिव सेना के उद्धव ठाकरे गुट के साथ नजदीकी बढ़ाने का प्रयास हो रहा है। बताया जा रहा है कि इसमें एनसीपी नेता शरद पवार ने भी भूमिका निभाई है। पिछले दिनों उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे ने एक कार्यक्रम में कहा था कि उनके दादा बाला साहेब ठाकरे का कांग्रेस से संबंध था और तालमेल था। उन्होंने यह भी कहा था कि शिव सेना ने राष्ट्रपति पद के लिए कांग्रेस के दो उम्मीदवारों- प्रतिभा पाटिल और प्रणब मुखर्जी का समर्थन किया था। उसके बाद से प्रदेश कांग्रेस के नेताओं ने भी राय बदली है और बताया जा रहा है कि वे भी शिव सेना के साथ तालमेल बनाए रखने के पक्ष में हैं।

> “ अमीर देशों में तो 90 प्रतिशत की ग्रोथ में कमी आना तय है और गरीब देशों में भी ग्रोथ कम होना उनके लिए एक बड़े झटके की तरह आएगा, क्योंकि उनके लिए तरक्की की दौड़ में आगे आना और मुश्किल होता जाएगा। इसकी वजह से कोरोना के बाद पैदा हुई गरीबी और भूख की समस्या और बढ़ सकती है। शायद इसीलिए पिछले हफ्ते विश्व बैंक और मुद्रा कोष की बैठक में यह चिंता साफ दिखती रही।

# आशंकाओं पर हावी संभावनाएं

आलोक जोशी , वरिष्ठ पत्रकार



महंगाई के मोर्चे पर कुछ राहत की खबर आई है। रिजर्व बैंक के आशावाद पर मोहर भी लग गई और उसकी यह बात सही भी साबित हुई कि महंगाई शायद अब उतार पर है। खुदरा महंगाई का आंकड़ा 16 महीनों में सबसे नीचे पहुंच गया है। हालांकि, इसका मतलब यह कतई नहीं है कि दाम गिर गए हैं। हां, महंगाई बढ़ने की रफ्तार में कमी आई है। रिजर्व बैंक ने जब इस बार ब्याज दरें बढ़ाने के सिलसिले पर ब्रेक लगाया, तो उसे यह भरोसा था कि महंगाई दर में अब कुछ कमी दिखनेवाली है। बाजार को उम्मीद तो यही थी कि अभी कम से कम एक बार दरें और बढ़ेंगी, लेकिन रिजर्व बैंक ने उम्मीद से पहले ही खुशखबरी दे दी।

वैसे, यह खुशखबरी से ज्यादा एक बड़ी चिंता से मुकाबले की कोशिश भी थी। रिजर्व बैंक ने भारत की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान पहले से 0.1 प्रतिशत बढ़ा दिया और गवर्नर ने कहा भी कि महंगाई की चुनौती बनी हुई है, लेकिन विश्लेषकों की राय थी कि रिजर्व बैंक दरअसल सरकार का काम आसान कर रहा है और कोशिश कर रहा है कि इस विकट समय में देश की तरक्की की रफ्तार तेज करने में अगर कोई भूमिका न निभा सके, तो उसकी राह में रोड़ा भी न अटकाए।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने बीते हफ्ते दुनिया भर की ग्रोथ के जो आंकड़े जारी किए हैं, वे इस बात की पुष्टि करते हैं कि ग्रोथ के मोर्चे पर भारत अभी आश्वस्त भाव में नहीं दिख सकता। जहां रिजर्व बैंक ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए आर्थिक वृद्धि का अनुमान 0.1 प्रतिशत बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया है, वहीं मुद्रा कोष, यानी आईएमएफ ने अपने पुराने अनुमान 6.1 प्रतिशत को भी 0.2 प्रतिशत घटाकर 5.9 प्रतिशत कर दिया है। इससे पहले विश्व बैंक भी अपने अनुमान को 6.6 प्रतिशत से घटाकर 6.3 प्रतिशत कर चुका है। इस गिरावट के बाद भी भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था रहेगी, यह बात मुद्रा कोष की रिपोर्ट में कही गई है।

आईएमएफइस अंधकार भरे माहौल में भारत को रोशनी की एक चमकती किरण की तरह देख रहा है। उसके यह कहने की वजह भी है, यूरोप और अमेरिका में मंदी का संकट सामने दिख रहा है। आईएमएफ के अनुसार, 2023 में अमेरिका 1.6 प्रतिशत और फ्रांस 0.7 प्रतिशत ही तरक्की कर पाएगा, जबकि जर्मनी की अर्थव्यवस्था में -0.1 प्रतिशत और ब्रिटेन में -0.7 प्रतिशत की गिरावट आने की आशंका है। उधर, चीन इस साल 5.2 प्रतिशत और 2024 में 4.5 प्रतिशत की रफ्तार दिखा सकता है। पिछले साल उसकी बढ़त तीन प्रतिशत ही थी। वैसे, मुद्रा कोष को यकीन है कि दुनिया के ज्यादातर देश मंदी की चपेट में जाने से बचने में कामयाब रहेंगे।

फिर भी, आर्थिक विकास दुनिया के सामने एक बड़ी चुनौती बना रहेगा। भारत और चीन की अर्थव्यवस्थाएं मजबूत रहेंगी और दुनिया की ग्रोथ का आधा हिस्सा इन दो देशों से ही आएगा। अगले पांच साल तक दुनिया का ग्रोथ रेट तीन प्रतिशत से नीचे ही रहेगा। अमीर देशों में तो 90 प्रतिशत की ग्रोथ में कमी आना तय है और गरीब देशों में भी ग्रोथ कम होना उनके लिए एक बड़े झटके की तरह आएगा, क्योंकि उनके लिए तरक्की की दौड़ में आगे आना और मुश्किल होता जाएगा। इसकी वजह से कोरोना के बाद पैदा हुई गरीबी और भूख की समस्या और बढ़ सकती है। शायद इसीलिए पिछले हफ्ते विश्व बैंक और मुद्रा कोष की बैठक में यह चिंता साफ दिखती रही। भारत की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत आर्थिक सुधारों के लिए संकल्पबद्ध है और उन्होंने दुनिया को न्योता दिया कि इस सफर में हमारे साथ आएं।

अभी मंदी का डर गहराया, तो क्या होगा, यह समझना मुश्किल नहीं है। इधर, मुश्किल हालात में भी भारत से निर्यात बढ़ना राहत की खबर है। हालांकि, मार्च के महीने में भारत से जो माल बाहर गया, वह पिछले साल से 13.6 प्रतिशत कम रहा, जो तीन साल की सबसे बड़ी गिरावट थी। मगर 2022-23 में कुल मिलाकर माल के निर्यात में छह प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो इस विकट परिस्थिति में बड़ी बात मानी जाएगी। सर्विसेज का निर्यात 27 प्रतिशत बढ़कर 323 अरब डॉलर हो गया है। चिंता इस बात की है कि निर्यात के मुकाबले आयात में ज्यादा तेज बढ़त हुई है। जहां पूरे वित्त वर्ष में कुल निर्यात 13.84 प्रतिशत बढ़कर 77,000 करोड़ डॉलर के रिकॉर्ड पर पहुंचा, वहीं आयात ने 17.38 प्रतिशत की और ऊंची छलांग लगाकर 89,200 करोड़ डॉलर का नया शिखर छू लिया है। सबसे भारी तेजी रूस से आयात में आई है, जो सस्ते तेल की भारी खरीद के कारण 370 प्रतिशत उछल गया। इसका दबाव भारत के व्यापार घाटे पर भी दिख रहा है और विदेशी मुद्रा भंडार के कम होने में भी इसी का हाथ है।

इन आशंकाओं के बावजूद हालात सुधरने की उम्मीद दिख रही है। आईटी कंपनियों के अलावा बाकी ज्यादातर कारोबार में लगी कंपनियों की चौथी तिमाही के नतीजों में काफी तगड़ा मुनाफा दिखेगा, ऐसी उम्मीद है। किराना कारोबार की बिक्री के आंकड़े आ रहे हैं और खबर है कि गांवों में खरीदारी फिर तेज हो रही है। जहां शहरों में पिछले साल के मुकाबले 7.9 प्रतिशत की बढ़त है, वहीं गांवों का यह आंकड़ा 16.8 प्रतिशत है। वैसे, यह जानकारी जुटानेवाली रिसर्च एजेंसी का कहना है कि अब भी लोग हाथ खोलकर खर्च करते नहीं दिख रहे हैं। मतलब, चिंता अभी बाकी है।

जो फिक्र आईएमएफ प्रमुख को दुनिया के गरीब देशों के लिए हो रही है, वही फिक्र भारत में सबसे गरीब लोगों और सबसे पिछड़े इलाकों के लिए भी होनी जरूरी है। इन इलाकों में विकास का तेज होना शायद एकमात्र तरीका है। आज क्या आर्थिक सुधारों की परिभाषा पर पुनर्विचार नहीं होना चाहिए? इस वक्त भारत ऐसी स्थिति में है कि वह वैश्विक संस्थाओं पर दबाव बनाए और यह सवाल पूछे कि विकास किसके लिए और किसकी कीमत पर होना है? विकास का फायदा आखिरी आदमी या आखिरी औरत तक पहुंचाने की शुरुआत तो यह सवाल पूछकर ही होनी है। एक मुल्क की तरह भारत को अपना जवाब तैयार कर लेना होगा। उल्लेखनीय है कि गरीब और कमजोर की फिक्र किए बिना विकास तेज हो भी जाए, तो ज्यादा समय तक उसका पटरी पर टिकना मुश्किल है।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# ताइवान का संकट कहीं ज्यादा चिंता की बात

राहुल जैकब, आर्थिक शोधकर्ता व वरिष्ठ पत्रकार



अधिकतर कारोबार में ‘रिस्क डाइवर्सिफिकेशन’, यानी अलग-अलग क्षेत्रों में निवेश करके जोखिम कम करने की रणनीति अच्छी मानी जाती है। फिर भी, पिछले साल के अंत में, दुनिया की सबसे बड़ी सेमीकंडक्टर कंपनी-ताइवान सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कॉर्प के प्रमुख मोरिस चांग ने अमेरिका में नए संयंत्र लगाने की योजना पर तेजी से आगे बढ़ने से अनिच्छा दिखाई। उनका कहना था, अब वैश्वीकरण और मुक्त व्यापार का कमोबेश मतलब नहीं है। हालांकि, चांग बखूबी जानते हैं कि बीजिंग यदि अपने इस पड़ोसी देश पर हमला करके और उसे हराकर चिप-निर्माण में सर्वेसर्वा बनता है, तो एरिजोना की यह फैक्टरी उनके लिए मददगार हो सकती है। कुछ इसी तरह की अदूरदर्शिता पिछले हफ्ते फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भी दिखाई। ताइवान को लेकर उन्होंने कहा कि यूरोप को ‘जाल’ में नहीं फंसना चाहिए और उसे उस समस्या में नहीं उलझना चाहिए, जो उसकी नहीं है। चीन के टिप्पणीकारों ने मैक्रों की खूब तारीफ की है। वाकई, ताइवान पर तरस आता है। सिर्फ 2.4 करोड़ की आबादी और चीन की तुलना में बेहद कम सेना वाले इस देश को दुनिया भर का साथ चाहिए। बजाय इसके, वैश्विक नेतागण चीन के सुर में सुर मिला रहे हैं कि जीवंत लोकतंत्र नहीं होने के कारण ताइवान स्वतंत्र देश नहीं है।

हालांकि, ताइवान की घरेलू राजनीति में भी कई पेच हैं। वहां की राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन बेहद बहादुर नेता हैं। उन्होंने अपनी हालिया अमेरिका यात्रा में बीजिंग द्वारा ताइवान के करीब बढ़ाए जा रहे सैन्य अभ्यास और चीनी लड़ाकू विमानों द्वारा ताइवानी हवाई सीमा के बार-बार किए जा रहे अतिक्रमण के खिलाफ उचित टिप्पणी की, लेकिन कमोबेश उसी वक्त विपक्षी कुओमिंतांग पार्टी (केएमटी) के नेता मा यिंग-जिओयू की चीन यात्रा ने सारे किए धरे पर पानी फेर दिया। वह 2008 से 2016 तक ताइवान के राष्ट्रपति रह चुके हैं, जब केएमटी सत्तारूढ़ थी। उन्होंने पश्चिमी ताकतों द्वारा अपने पिछले अपमान को याद करके चीन की बातों को ही दोहराया।

यह दरअसल ऐसा मसला है, जिसे चीन ने माओ से लेकर अपनी मौजूदा सरकार तक पाला-पोसा है। मगर राष्ट्रपति शी जिनपिंग की पश्चिम से विशेष नापसंदगी रही है। इसका सुबूत राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ एक शिखर बैठक में उनका रूस के साथ अपने गठबंधन को मजबूत करना है। साल 2009 में, राष्ट्रपति बनने से पहले मैक्सिको की अपनी यात्रा में शी जिनपिंग ने कहा था, ‘कुछ अघाए विदेशी हैं, जिनको हमारे मामलों में उंगली उठाने से अच्छा कुछ नहीं लगता। मगर चीन न क्रांति निर्यात करता है, न गरीबी और न ही भूख, ताकि उनके लिए मुश्किलें खड़ी हों।’ फिर भी, जब से शी जिनपिंग चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के मुखिया बने हैं, बीजिंग ने इन्फ्रास्ट्रक्चर-निर्माण के नाम पर कर्ज देने की नीति बनाई और कई विकासशील देशों को अपने जाल में फांस लिया।


बहरहाल, जिस तरह से भारत सहित तमाम पड़ोसी देशों के खिलाफ चीन आक्रामक रुख पर भरोसा करता है, ताइवान के बरअक्स भी वह पारंपरिक सेना लगातार बढ़ा रहा है। इसे सिर्फइस उदाहरण से समझ सकते हैं कि चीन की नौसेना के पास 400 जहाज हैं, तो ताइवान के पास महज 26। द इकोनॉमिस्ट में छपी एक रिपोर्ट बताती है कि ताइवान की सेना द्वारा महंगे एफ-16 विमान खरीदने जैसे गलत कदम उठाने से यह सैन्य विषमता और बढ़ गई है, जबकि उसे एंटी-मिसाइल डिफेंस जैसे उपायों पर ध्यान देना चाहिए था।

इन्हीं सब कारणों से यह असंभव लगता है कि अगर ताइवान को अधीन करने की कोशिश होती है, तो वह यूक्रेन की तरह वीरता दिखाएगा। इतना ही नहीं, केएमटी अगले साल आम चुनाव जीत सकती है और मुमकिन है कि यहां भी हांगकांग की तरह शासन-व्यवस्था शुरू की जाए। ऐसे वक्त में, जब रूस-यूक्रेन संकट का चौतरफा असर पड़ा है, कुछ नेता ताइवान में भी ऐसी ही जंग में हाथ सेंकना चाहते हैं। मगर कहीं ज्यादा परेशानी की बात यह है कि ताइवान दुनिया भर में सेमीकंडक्टर निर्माण की धुरी है। करीब 90 फीसदी उन्नत चिप यहीं बनते हैं। ऐसे में, इस आसन्न भू-राजनीतिक संकट को लेकर हमें कहीं अधिक चिंता करनी चाहिए।

**( ये लेखक के अपने विचार हैं )**

# मन की बातें: पीएम मोदी की मन की बात

अनुराग सिंह ठाकुर



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सार्वभौमिक रूप से एक असाधारण प्रतिभा के धनी वक्ता के रूप में स्वीकार किया जाता है, जो जनता के साथ तत्काल संवाद-संबंध स्थापित कर सकते हैं। उनकी शानदार वक्तृत्व कला, इस अनूठी क्षमता का केवल एक उदाहरण है। जिस लगन के साथ वे बोलते हैं, जिस निष्ठा के लिए वे जाने जाते हैं और पिछले आठ वर्षों में उन्होंने लोगों के साथ जो विश्वास-आधारित संवादसंबंध बनाए हैं, वे सभी मिलकर, जन संचारक के रूप में उनकी सफलता में योगदान देते हैं।

उनके समावेशी दृष्टिकोण को देश के सभी भागों में अभूतपूर्व स्वीकृति मिली है। यह पीएम मोदी के विकास का लोक-केंद्रित मॉडल है, जिसने उन्हें बड़ी संख्या में आम लोगों का प्रिय बना दिया है। लोगों के साथ निरंतर संवाद, जिसे हम ‘मन की बात’ के रूप में जानते हैं, से जुड़े उनके विचार को गैर-अभिजात्य या साधारण स्तर का कहा जा सकता है। ‘मन की बात’ कार्यक्रम को अक्टूबर 2014 में लॉन्च किया गया था। वर्षों से यह महीने के अंतिम रविवार के दिन के लिए नियत किया गया है। यह एक रेडियो वार्ता के रूप में शुरू हुआ था; लेकिन अब इसे एक साथ विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर कई भाषाओं में प्रसारित किया जाता है।

मन की बात से पता चलता है कि मोदी के दो व्यक्तित्व हैं - मजबूत, शक्तिशाली और उद्देश्यपूर्ण प्रधानमंत्री मोदी तथा नम्र, दयालु और नेक पिता तुल्य अभिभावक। यदि आप आंख बंद करके ‘मन की बात’ सुनें, तो आप सोचेंगे कि मोदी जी गांव की चौपाल पर बैठे हैं, लोगों से बातचीत कर रहे हैं, उनकी बातें सुन रहे हैं, उनसे साथ संवाद कर रहे हैं, जहां जरूरत हो वहां ज्ञान भरी सलाह दे रहे हैं या किसी अनुकरणीय कार्य के लिए किसी की तारीफ कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने दुर्घटना पीड़ितों के परिवारों के साथ अपनी बातचीत साझा की, जिन्होंने बहादुरी से अपने प्रियजनों के अंग दान करने के फैसले किये थे। मोदी जी ने उस बातचीत का उपयोग अंगदान के नेक विचार को बढ़ावा देने के लिए किया।

ऐसे कई उदाहरण दिए जा सकते हैं, जिनमें जलवायु की विपरीत स्थितियों से निपटने से लेकर स्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़े सामान्य लोगों के अच्छे कार्यों के लिए उन्हें उदार मन से बधाई देना आदि शामिल हैं। पीएम मोदी की ‘मन की बात’ अनिवार्य रूप से वास्तविक जीवन की कहानियों और अनुभवों के बारे में है। ऐसी कहानियां, जो वास्तविक भारत को दर्शाती हैं और लुटियंस दिल्ली की संकीर्ण सीमाओं से परे हैं। इसी वजह से ‘मन की बात’ का हर एपिसोड अत्यधिक लोकप्रिय होता है और इसे लाखों प्रतिक्रियाएं मिलती हैं। यह लोगों के साथ प्रतिध्वनित होता है, क्योंकि यह उनकी चिंताओं के बारे में है।

मन की बात का पहला एपिसोड 3 अक्टूबर, 2014 को प्रसारित किया गया था। यह 30 अप्रैल, 2023 को 100 एपिसोड पूरे करेगा। मन की बात अपनी विषय वस्तु, डिजाइन, बातचीत और आम लोगों तथा समग्र रूप से समाज के साथ संवाद करने के अभिनव तरीके के मामले में अद्वितीय है। 262 रेडियो स्टेशनों और 375 से अधिक निजी और सामुदायिक रेडियो स्टेशनों के साथ दुनिया के सबसे बड़े रेडियो नेटवर्क ‘ऑल इंडिया रेडियो’ के माध्यम से, भारतीय प्रधानमंत्री सामाजिक-आर्थिक और सांस्कृतिक रूप से विभिन्नता वाली विशाल आबादी तक पहुंचते हैं, उन्हें न केवल सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक मुद्दों पर, बल्कि जलवायु परिवर्तन, अपशिष्ट प्रबंधन, ऊर्जा संकट जैसी चुनौतीपूर्ण समस्याओं पर भी प्रेरित व सक्रिय करते हैं, जिनका दुनिया आज सामना कर रही है।

भारतीय लोक प्रसारक, प्रसार भारती मन की बात का अनुवाद और प्रसारण 52 भाषाओं/बोलियों में करता है, जिसमें 11 विदेशी भाषाएं शामिल हैं, ताकि देश के सबसे दूर-दराज क्षेत्रों से लेकर विदेशों में रहने वाले भारतीयों तक इसकी पहुंच सुनिश्चित हो सके। मन की बात भारत का पहला वर्चुअल रूप से समृद्ध रेडियो कार्यक्रम है, जिसे टीवी चैनलों द्वारा एक साथ प्रसारित किया जाता है। दूरदर्शन नेटवर्क के 34 चैनल और 100 से अधिक निजी सैटेलाइट टीवी चैनल इस अभिनव कार्यक्रम को देश भर में प्रसारित करते हैं, जो संचार के इस पारंपरिक माध्यम के प्रति एक नई रुचि और जागरूकता पैदा करते हैं। फरवरी 2022 से हर महीने विशेषज्ञों और जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े अग्रणी व्यक्तियों के लेखों के साथ एक स्मार्ट तरीके से तैयार पुस्तिका भी प्रकाशित की जा रही है, जो डिजिटल रूप से 60 मिलियन से अधिक लोगों तक पहुंचती है।


इतने व्यापक प्रभाव के साथ, मन की बात को एक सामाजिक क्रांति के रूप में देखा जा रहा है (जो सही भी है)। इस कार्यक्रम को जनभागीदारी से ठोस आधार प्राप्त होता है। इस कार्यक्रम की परिकल्पना और कार्यान्वयन, नागरिकों के साथ जुड़ाव और भागीदारी के विचार पर आधारित है, जो कार्यक्रम के नाम से लेकर विषयों की पसंद और लोगों द्वारा सक्रियता से काम करने के आह्वान तक से परिलक्षित होते है, जिन्हें प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम में शामिल करते हैं। प्रत्येक एपिसोड व्यक्तियों की परिवर्तनकारी शक्ति में प्रधानमंत्री के अटूट विश्वास के आधार पर तैयार किया जाता है और शासन में जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मन की बात के माध्यम से प्रधानमंत्री देश भर के लाखों लोगों तक अपनी बात पहुंचाने में सफल रहे हैं। वे इस प्लेटफार्म का देश के लिए अपने दृष्टिकोण को साझा करने में उपयोग करते हैं और राष्ट्र निर्माण प्रक्रिया में नागरिकों की सक्रिय भागीदारी चाहते हैं।


मन की बात का प्राथमिक उद्देश्य भारत के प्रधान मंत्री और उसके नागरिकों के बीच सीधा संपर्क बनाना है। हर महीने, प्रधान मंत्री को देश भर से लाखों पत्र मिलते हैं, जिस पर वह कार्यक्रम के दौरान प्रकाश डालते हैं। शो के दौरान माननीय पीएम का लोगों से टेलीफोन पर बातचीत करना भी कोई असामान्य बात नहीं है। निर्वाचित नेता और जनता के बीच संचार का ऐसा तरीका लोकतंत्र और शासन में लोगों के विश्वास को काफी मजबूत करता है।

मन की बात के 8 वर्षों के अपने 99 एपिसोड के सफल पाठ्यक्रम के दौरान, न केवल महत्वपूर्ण मुद्दों के बारे में जनता में जागरूकता पैदा करने का प्रयास किया गया है, बल्कि उन्हें सामाजिक और राष्ट्रीय कारणों पर कार्रवाई करने के लिए प्रेरित किया गया है। कार्यक्रम की प्रमुख विशेषताओं में से एक बदलाव लाने वालों की प्रेरक कहानियां हैं जो जमीन पर लगातार और निस्वार्थ भाव से काम कर रहे हैं जो न केवल उनके लिए काम करते रहने के लिए प्रेरणा का स्रोत बन जाता है बल्कि लाखों अन्य लोगों को भी प्रेरित करता है।

अपनी स्थापना के बाद से, मन की बात पूरे देश में समुदायों को शामिल करने वाले सामाजिक आंदोलनों को उत्प्रेरित करने वाले जन आंदोलन के एक प्रभावी उपकरण के रूप में उभरा है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए सामाजिक संदेश कुछ ही घंटों में सोशल मीडिया ट्रेंड बन जाते हैं और साथ ही कुछ ही हफ्तों में एक जन आंदोलन ( जनंदोलन) बन जाते हैं । स्वच्छ भारत अभियान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, कोविड टीकाकरण और हर घर तिरंगा इसके कुछ शानदार उदाहरण हैं। हाल ही में मन की बात के 88 वें एपिसोड में प्रधानमंत्री ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला और नागरिकों से अपने इलाके में अमृत सरोवर बनाने का आग्रह किया। कुछ ही महीनों में यह संदेश जनांदोलन में बदल गयाऔर कई अमृत सरोवर देश भर में उभरे जो स्थानीय लोगों द्वारा क्षेत्र के सरकारी निकायों की मदद से बनाए गए थे। इसके बाद, 92 वें एपिसोड में, प्रधान मंत्री ने नागरिकों के त्वरित प्रयासों की सराहना की क्योंकि उन्होंने उत्तर प्रदेश के ललितपुर में भगत सिंह अमृत सरोवर और कर्नाटक के बिलकेरूर में अमृत सरोवर जैसे विभिन्न अमृत सरोवरों का उल्लेख किया।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:- 9827806026, 7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

ADMISSION OPEN
COMMERCE GURU
12th CLASS
REGULAR STUDENT
GET CLASS 11th SYLLABUS CLASSES for FREE
APPLY NOW
www.commerceguru.in @commerceguru
commerceguru2011@gmail.com
35,Gourav Path, Sundar Nagar,Bhilai
+91 9644454810
+91 8103338634


# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com
WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### दिल में छेद की समस्या से जूझ रहे मासूम भावेश का हुआ नि:शुल्क ऑपरेशन

**रायपुर ।** राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत चिरायु योजना से सारंगढ़ के मासूम भावेश के हृदय का सफल इलाज किया गया है। सारंगढ़ के चिरायु दल द्वारा स्कूल में स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान भावेश के हृदय की गंभीर बीमारी का पता चला था। चिरायु दल ने शासकीय प्राथमिक शाला कलमी में पढ़ने वाले भावेश को आगे की जांच के लिए रायपुर रिफर किया था। इलाज में आने वाले बड़े खर्च को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उनके परिवार को चिरायु योजना के अंतर्गत उपचार के लिए प्रेरित किया। रायपुर के एसएमसी अस्पताल में 23 मार्च को भर्ती होने के बाद 1 अप्रैल को ऑपरेशन किया गया। अब उसकी सेहत में काफी सुधार है। भावेश के पिता श्री लक्ष्मण यादव ने बताया कि सारंगढ़ की चिरायु टीम ने स्कूल में उनके बेटे की जांच कर जानकारी दी कि भावेश के दिल में छेद है। चिरायु दल और स्कूल के शिक्षकों ने उनका मार्गदर्शन कर मनोबल बढ़ाया और शासन की योजना के तहत इलाज के लिए जरूरी पहल की। उन्होंने बताया कि अब भावेश तेजी से स्वस्थ हो रहा है। उन्होंने बेटे के गंभीर हृदय रोग के नि:शुल्क इलाज के लिए राज्य शासन, चिरायु दल और स्कूल के शिक्षकों के प्रति आभार जताया है। चिरायु योजना ने उनकी बड़ी आर्थिक समस्या हल करने के साथ ही बेटे को सेहतमंद भी कर दिया है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत चिरायु योजना के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्कूलों और आंगनबाड़ियों में बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया जाता है।

### मिशन लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन द्वारा वार्षिक अकादमिक समीक्षा बैठक हुई

**जगदलपुर।** जिला एवं राज्य स्तरीय कार्यक्रमों की वार्षिक समीक्षा बैठक का आयोजन होटल चंपा बाग जगदलपुर में आज किया गया। इस समीक्षा बैठक का आयोजन लैंग्वेज एवं लर्निंग फाउंडेशन के द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में किए जा रहे अकादमिक सहयोग के परिपेक्ष्य में की गई थी। इस समीक्षा बैठक में एससीईआरटी रायपुर,दुर्ग, बालोद, बस्तर एवं सुकमा जिले के प्रमुख शिक्षा अधिकारियों ने भाग लिया। समीक्षा के दौरान चारों जिलों के प्रतिनिधियों ने लैंग्वेज एवं लर्निंग फाउंडेशन के द्वारा राज्य एवं जिले में किए जा रहे कार्यों जैसे कि अकादमिक सामाग्री निर्माण, जिला स्त्रोत समूह के निर्माण एवं प्रशिक्षण, शिक्षक प्रशिक्षण, संकुल अकादमिक समन्वयकों की कार्यशाला एवं स्कूल विजिट, संस्था के द्वारा किए जा रहे जिले एवं राज्यों के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही साथ लैंग्वेज एवं लर्निंग फाउंडेशन की राज्य प्रमुख सुश्री मंजु गर्ग ने संस्था के राज्य में किए जा रहे शैक्षणिक कार्यों के संबंध में चर्चा करते हुए आगामी योजना के संबंध में बात रखा। यह समीक्षा बैठक लैंग्वेज एवं लर्निंग मिशन को ध्यान में रखकर आयोजित की गई थी। जिससे की अन्य जिले भी एक दूसरे के प्रयासों को जान सके एक दूसरे से सीख सके और चूंकि राज्य मे अकादमिक बेहतरी की जिम्मेदारी एससीईआरटी की भी है तो एक टीम के रूप में मिशन के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक मंच में संवाद किया जा सके इसलिए इस समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया था। फाउंडेशन के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की प्रसंशा की एवं आगामी सत्र के लिए साथ राज्य के साथ मिलकर शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रयासों की योजना पर बात की गई। रणनीति के तहत राज्य में एफएलएन मिशन का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

### पासिंग आउट परेड: बस्तर फाइटर में 9 थर्ड जेंडर शामिल

# आईजी ने जवानों को पहनाए बैज और दिया सर्टिफिकेट

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर। छत्तीसगढ़ में नक्सलियों से मुकाबले के लिए बस्तर फाइटर तैयार हैं। रविवार को जगदलपुर के लालबाग परेड ग्राउंड में हुई पासिंग आउट परेड में 691 जवानों को आईजी बस्तर सुंदरराज पी. ने बैज पहनाए और प्रमाणपत्र प्रदान किए। इससे पहले उन्होंने परेड की सलामी ली।**



इनके साथ ही बीजापुर, बस्तर व दंतेवाड़ा और 5वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सुरक्षा बल नारायणपुर के नव आरक्षक भी परेड में शामिल हुए। खास बात यह है कि बस्तर फाइटर्स में थर्ड जेंडर भी शामिल हैं। पहली बार नौ थर्ड जेंडर का चयन इसमें किया गया है। बस्तर संभाग में वनांचल और अंदरूनी क्षेत्र की विकास व सुरक्षा के लिए स्थानीय युवक-युवतियों की बस्तर फाइटर्स के तौर पर भर्ती की गई है। इस विशेष बल में 2800 पदों पर बस्तर, दंतेवाड़ा, कांकेर, बीजापुर, नारायणपुर, सुकमा और कोण्डागांव के लिए चयन किया गया है।

हर जिले के लिए 300-300 पदों की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके तहत भर्ती रिणाम 15 अगस्त 2022 को जारी किए गए थे। बस्तर फाइटर्स में पहली बार नौ थर्ड जेंडर भी आरक्षक पद पर भर्ती होकर पुलिस विभाग में अपनी सेवाएं देंगे।

बस्तर फाइटर्स में भर्ती हुए नव आरक्षकों को सितंबर 2022 से प्रदेश के विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों में बुनियादी प्रशिक्षण प्रारंभ दिया गया। इस दौरान जवानों को कानून एवं प्रक्रिया की जानकारी, अनुशासन, मानव अधिकारों की रक्षा, युद्ध कौशल, फील्ड क्राफ्ट, हथियारों का संचालन का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने कहा कि, प्रशिक्षण के बाद बस्तर क्षेत्र में शांति व्यवस्था स्थापित करने, जनता के मंशानुरूप विकास कार्य को गति प्रदान कराने जैसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारी अब बस्तर फाइटर्स भी निभाएंगे।

कल हुई थी पहली पासिंग आउट परेड इससे पहले शनिवार 15 अप्रैल को बीजापुर में 15वीं वाहिनी छसबल और कोंडागांव के बस्तर फाइटर्स के 204 नव आरक्षकों का पासिंग आउट परेड हुई थी। इसी तरह अब सोमवार को 16वीं वाहिनी छसबल, नारायणपुर, 18 अप्रैल को पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, माना-रायपुर, 20 अप्रैल को पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र बोरगांव, कोण्डागांव, 21 अप्रैल को पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, राजनांदगांव और 22 अप्रैल को 9वीं वाहिनी छसबल, दंतेवाड़ा में बस्तर संभाग के अन्य जिलों में दीक्षांत परेड होगी।

# रीपा केंद्रों का निरीक्षण करने पहुंची सीईओ जिला पंचायत
## सुव्यस्थित संचालन हेतु दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरिया। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती नम्रता जैन ने गत दिवस जिले के रीपा केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गतिविधियों सुव्यवस्थित संचालन के लिए उपस्थित अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने रीपा केंद्र में जाकर सभी रीपा गौठानो में निर्मित ऑफिस कार्यालयों को व्यवस्थित रखने एवं सुरक्षा की दृष्टि से गार्ड रूम को हमेशा खुला रखने के निर्देश दिए।**



उपस्थित समूह की महिलाओं से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि सभी गतिवधियां सुचारू रूप से निरंतर चलती रहें। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक रीपा स्थल पर आगंतुक एवं उपस्थिति पंजी का संधारण व्यवस्थित हो, इसका ध्यान रखें।

निरीक्षण के दौरान सीईओ श्रीमती जैन ने मशीनों जी जांच की तथा कहा कि प्रारंभिक संचालन के समय लोकल स्तर पर उपलब्ध टेकनीशियन या इलेक्ट्रिशियन रखें ताकि किसी भी समस्या का तत्काल निराकरण हो। उन्होंने आगामी सप्ताह में सभी रीपा गौठानो में आवश्यक रॉ मटेरियल का संधारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने रीपा गौठानो में निर्मित बोरी का उपयोग सभी ग्राम गौठानो में करने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी जनपद पंचायत सीईओ यह ध्यान रखें कि बोरी बैग का क्रय बाज़ार से ना करें। उन्होंने निरीक्षण के दौरान रीपा गौठानों में सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरा लगाने के निर्देश दिए। सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन ने रीपा केंद्रों में गतिविधियों के सुव्यवस्थित संचालन हेतु नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों की भी नियुक्ति की है। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के ब्लाक समन्वयकों व अन्य अधिकारियों को दायित्व सौंपा है, जिनके द्वारा गतिविधियों के लिए समन्वयक का कार्य किया जाएगा। बैकुंठपुर के ग्राम पंचायत मझगवां स्थित रीपा केंद्र के लिए बिहान की ब्लाक समन्वयक बैकुण्ठपुर सुश्री कल्पना देवांगन को नोडल बनाया गया है। इनके साथ सुश्री कोमल तिवारी व दो पीआरपी को सहयोगी नियुक्त किया गया है।

इसी प्रकार रीपा केंद्र आनी के लिए यंग प्रोफेशनल श्री राजू साहू और श्री अनिल विश्वकर्मा को नियुक्त किया गया है। सोनहत जनपद पंचायत के अंतर्गत रीपा केंद्र कुशहा में श्री मसतराम और घुघरा में श्रीमती प्रतिमा एक्का को दायित्व सौंपा गया है।

# मालीडीह में खाद गोदाम की सौगात संसदीय सचिव ने किया भूमिपूजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**महासमुन्द।** ग्रामीण सेवा सहकारी समिति तुमगॉव अंतर्गत ग्राम मालीडीह में नवीन खाद गोदाम की सौगात मिली है। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों की मौजूदगी में खाद गोदाम के लिए भूमिपूजन किया।

शनिवार की शाम ग्राम मालीडीह में नवीन खाद गोदाम के लिए भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। अतिथि के रूप में जनपद अध्यक्ष यतेंद्र साहू, कृषि उपज मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे, नगर पंचायत अध्यक्ष व बैंक प्रतिनिधि राकेश चंद्राकर, ग्रामीण सेवा सहकारी समिति तुमगांव के अध्यक्ष आनंद पटेल, अरुण चंद्राकर, जनपद सदस्य रमाकांत ध्रुव, श्रीमती गिरजा पटेल, कपिल साहू, मानिक साहू मौजूद थे। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि श्री चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार किसानों को आत्मनिर्भर व समृद्धशाली बनाने उनके हित में लगातार फैसले ले रही है। इसी तारतम्य में यहां नवीन खाद गोदाम की सौगात मिली है। इससे किसानों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि गोदाम निर्माण होने से समय पूर्व खाद का अग्रिम भंडारण किया जा सकेगा जिससे किसानो को सुविधा मिलेगी। संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश की भूपेश बघेल की सरकार किसानो की सरकार है, जो लगातार किसानो की खुशहाली, समृद्धि, विकास के लिए काम कर रही है। प्रदेश के इतिहास में पहली बार किसानों के लिए व्यापक ऋण माफी योजना के तहत किसानों का कर्ज माफकिया गया। किसानों की सिंचाई कर की माफी की गई है।

# नगरीय निकाय में नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार - मंत्री डहरिया

**नगरीय प्रशासन विकास मंत्री ने शहर के विभिन्न स्थानों में डामरीकरण कार्य एवं रामकृष्ण नगर चौक में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा स्थापना का किया भूमिपूजन**

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** नगरीय प्रशासन विकास एवं श्रम विभाग मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने आज नगर पालिक निगम राजनांदगांव में शहर के विभिन्न स्थानों में डामरीकरण कार्य एवं रामकृष्ण नगर चौक में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा स्थापना का भूमिपूजन किया।



नगरीय प्रशासन विकास मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कहा कि मुख्यमंत्री मितान योजना के तहत नागरिकों को आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र, विवाह प्रमाण पत्र, 0-5 वर्ष तक के बच्चों का आधार कार्ड, पेन कार्ड सहित अन्य घर पहुंच सेवाएं दी जा रही हैं।


उन्होंने कहा कि धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स में ब्रांडेड एवं जेनेरिक दवाईयों पर 70 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। वहीं मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से जनसामान्य का नि:शुल्क ईलाज किया जा रहा है तथा नि:शुल्क दवाईयां दी जा रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में नगरीय निकाय में नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार तथा गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं व अधोसंरचना मजबूत करने की दिशा में निरूतर कार्य किया जा रहा है। नगरीय प्रशासन विकास मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने इस दौरान नगर तथा ग्राम निवेश नियमितीकरण, मितान योजना, बेरोजगारी भत्ता के हितग्राहियों को प्रमाण पत्र तथा महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान के तहत सुपोषण किट, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अंतर्गत हितग्राहियों को बैंक लिंकेज चेक वितरण किया। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत मोर जमीन मोर आस रेंटल पॉलिसी के हितग्राहियों को मकान की चाबी एवं मोर जमीन मोर मकान के हितग्राहियों को उत्कृष्ट आवास निर्माण प्रमाण पत्र तथा स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत डॉ. खूबचंद बघेल स्वसहायता योजना के आयुष्मान कार्ड तथा मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के हितग्राहियों को चेक वितरण किया।

जागृति उत्पादक समूह ने नगरीय विकास मंत्री को प्राकृतिक गोबर पेंट भेंट किया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती हेमा देशमुख, अध्यक्ष नगर पालिका निगम हरिनारायण धकेता, नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका निगम श्री किशन यदु, सदस्य लोककर्म विभाग नगर पालिका निगम मधुकर बंजारी, पार्षद श्रीमती सुनिता फड़नवीस, पार्षद श्रीमती टुमेश्वरी उईके, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, आयुक्त नगर पालिका निगम डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी व बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

# बौद्ध समाज के लोगों ने मनाई डॉक्टर आंबेडकर की 132 वीं जयंती

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दल्लीराजहरा।** बौद्ध समाज, आंबेडकर अनुयायियों एवं सर्व समाज के तत्वाधान में क्रांति दृष्टा ,सामाजिक, ,बौद्ध धर्म के पुन: उद्धारक भारतीय संविधान के शिल्पकार बोधिसत्व भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 132 वीं जयंती समारोह 14 अप्रैल को हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। प्रात: कालीन कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ बौद्ध समाज एवं महाप्रज्ञा बुद्ध विहार में पंचशील व नीले झंडे का ध्वजारोहण कर्ण कुमार उके सीएसपी राजहरा के द्वारा किया गया। सम्यक बौद्ध महासभा का ध्वजारोहण प्रवीण रामटेके एवं अतुल मेश्राम के द्वारा किया गया।तत्पश्चात भवनों में परित्राण पाठ का आयोजन कर मिठाई वितरण किया गया। संध्याकालीन कार्यक्रम में बौद्ध समाज एवं सर्व समाज के संयुक्त तत्वाधान में छत्तीसगढ़ बौद्ध समाज पुराना बाजार से डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की विशाल शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा में नगर के विभिन्न समाजों के समाज प्रमुख गण उपस्थित रहे ।शोभायात्रा में क्षेत्र की विधायक एवं कैबिनेट मंत्री श्रीमती अनिला भेड़िया शामिल हुई एवं आंबेडकर की जयंती पर समस्त बौद्ध समाज एवं नगर वासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। शोभायात्रा में त्रिभुवन बौद्ध एवं विजय बोरकर के मार्गदर्शन में डॉ भीमराव जी की झांकी निकाली गई ।भीम गीतो पर महिला एवं बच्चों ने डांस किया ।बस्तर से आए डान्स टीम यात्रा का विशेष आकर्षण का केंद्र था।

ॐ साईं राम
माँ पुस्तक भंडार

होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

अतिशीघ्र आवश्यकता है
एक प्लॉट सेल करने पर 9-10 प्रतिशत तक का ब्रोकरेज
अनुभविकओं के लिए अतिशीघ्र आवश्यकता है...
रियल स्टेट कंपनी में काम किए हुए अनुभविक एवं फ्रेशर लड़के एवं लड़कियों की सेल्स एंड मार्केटिंग के लिए...
पार्ट टाइम और फुल टाइम जॉब
सैलरी :-7000-10000/- योग्यता के अनुसार
संपर्क करें : 9109132445
लोकेशन:- भिलाई दुर्ग चरोदा


BIG BRAND
Premium Store
30% Off
70001 78467
70008 73376
Near KPS school ,
Nehru Nagar ,Bhilai

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65

Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### मुख्यमंत्री ने भारतरत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति और शिक्षाविद, भारतरत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की 17 अप्रैल को पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। श्री बघेल ने कहा है कि डॉ. राधाकृष्णन शिक्षा को एक मिशन मानते थे। उन्होंने एक आदर्श शिक्षक के रूप में अपने जीवन में शिक्षा के प्रति समर्पण और प्रतिबद्धता को निभाया। उन्होंने समाज, धर्म, दर्शन का गहरा अध्ययन किया और कई पुस्तकें लिखीं। डॉ. राधाकृष्णन की प्रतिभा को देखते हुए उन्हें संविधान निर्मात्री सभा का सदस्य बनाया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. राधाकृष्णन अपने पीछे ज्ञान और शिक्षा की अमूल्य धरोहर छोड़ गए हैं। उनके ज्ञानमूल्य भावी पीढ़ी को हमेशा प्रेरित करते रहेंगे।

### हज यात्रा की दूसरी किश्त 24 अप्रैल तक जमा करें: मोहम्मद असलम खान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के चेयरमेन मोहम्मद असलम खान ने बताया कि हज कमेटी ऑफइंडिया मुम्बई के सर्कुलर 11 से प्राप्त सूचना के अनुसार हज 2023 के लिए चयनित आवेदक यात्रा की दूसरी किश्त 24 अप्रैल तक जमा करें। उन्होंने बताया कि दूसरी किश्त प्रति हाजी 01 लाख 70 हजार रूपए को जमा करने की कार्यवाही 17 अप्रैल से प्रारंभ हो जाएगी। यह राशि ऑनलाईन, एसबीआई या यूबीआई में पूर्व प्रक्रिया अनुसार ही जमा करें। मोहम्मद असलम खान ने बताया कि अधिक जानकारी के लिए कार्यालय छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी रायपुर के दूरभाष क्रमांक 0771-4266646 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### छत्तीसगढ़ में गर्मी का कहर राजनांदगांव रहा सबसे गर्म

**रायपुर (ए)।** छत्तीसगढ़ में लोगों को गर्मी का सितम आने वाले दिनों में भी झेलना पड़ेगा। प्रदेश में अधिकतम तापमान में वृद्धि का क्रम लगातार जारी रहने की संभावना है।

मौसम विज्ञानियों के अनुसार प्रदेश में उत्तर पश्चिम से गर्म और शुष्क हवाओं का लगातार आगमन जारी है। अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है, लेकिन वृद्धि का क्रम लगातार बना रहेगा। सोमवार को मौसम शुष्क रहने की संभावना है।

मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश के एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने तथा अंधड़ चलने की संभावना है। रविवार को प्रदेश में सर्वाधिक तापमान राजनांदगांव में 42.5 डिग्री तथा सबसे कम न्यूनतम तापमान 19.7 डिग्री नारायणपुर में दर्ज किया गया। रायपुर का अधिकतम तापमान 41.2 तथा न्यूनतम तापमान 25.5 दर्ज किया गया। रायपुर में आज आकाश साफ रहेगा।

# संतों ने लोगों को समानता के साथ जीने का मार्ग बताया: मुख्यमंत्री बघेल

**मेहर समाज के प्रदेश स्तरीय सामाजिक एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन में शामिल हुए मुख्यमंत्री**

### नवा रायपुर में संत रविदास के नाम से चौक का होगा नामकरण

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल महादेव घाट रोड स्थित सतनाम भवन में आयोजित छत्तीसगढ़ मेहर समाज के प्रदेश स्तरीय सामाजिक एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महान संत श्री रविदास ने कर्म को ही पूजा कहा। कोई काम छोटा नहीं होता है। लोग अपने विचारों से छोटे होते हैं। भक्तिमार्ग में संत रविदास का नाम पूरी दुनिया में श्रद्धा से लिया जाता है। संतों ने लोगो को समानता के साथ जीने का मार्ग बताया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर नया रायपुर में संत रविदास के नाम से चौक का नामकरण तथा रविदास की जयंती मनाने के लिए प्रतिवर्ष 5 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि संविधान में लोगों को सामाजिक न्याय दिलाने के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया है। राज्य में आर्थिक रूप से कमजोर तबकों को मजबूत करने तथा उनको योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए 1 अप्रैल से सर्वे का कार्य किया जा रहा है। राज्य में किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने अब अगले सीजन से 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी की जाएगी। ग्रामीण औद्योगिक पार्क से लोगों को परंपरागत कार्यो को करने का अवसर मिलेगा। आम नागरिकों के लिए सरकार द्वारा शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार आदि क्षेत्र में कार्य किये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में आदर्श विवाह कर नव दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करने वाले चार जोड़ो को आशीर्वाद दिया। इसके साथ ही समाज के उत्कृष्ट कलाकार, विभिन्न राजनीतिक पदों पर आसीन समाज के प्रतिनिधियों, समाज के 6 लोगों को मेहर रत्न तथा प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। समाज के प्रदेश अध्यक्ष खिलावन बघेल ने सलाहकार परिषद बोर्ड और आयोग में समाज को प्रतिनिधित्व देने के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि समाज की गरिमा के अनुरूप छत्तीसगढ़ चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड का गठन किया गया, इसके लिये सम्पूर्ण समाज अनुग्रहित हुआ है। इस अवसर पर संसदीय सचिव और रायपुर पश्चिम विधायक विकास उपाध्याय, छत्तीसगढ़ चर्म शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष तरुण बिजौर, समाज के अन्य सामाजिक प्रतिनिधिगण सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

### दिगम्बर जैन मंदिर में भक्तांमर विधान महाआराधना

**रायपुर (ए)।** दिगम्बर जैन मंदिर पंचायत ट्रस्ट मालवीय रोड (बड़े मंदिर) मे रविवार को प्रात: 8 बजे की शन्ति धारा पूजन अभिषेक के बाद आचार्य मानतुंग द्वारा रचित सर्व संकट निवारक, रिद्धी सिद्धि प्रदायक भक्तांमर विधान महाआराधना मूलनायक आदिनाथ भगवान की वेदी के सामने किया गया। इस अवसर पर समाज के धर्मप्रेमी बंधु महिलाये पुरुष बच्चे सभी ने ने धर्म लाभ लिया। दिगम्बर जैन मंदिर के अध्यक्ष संजय नायक एवं सचिव राजेश रज्जन जैन ने बताया की भक्ताम्बर विधान का आयोजन दिगम्बर जैन मंदिर मालवीय रोड मे वर्ष भर हर रविवार को सुबह 8 बजे श्रीजी के अभिषेक शांतिधारा के पश्चात् किया जाता है। यह भक्ताम्बर विधान महाआराधना नव वर्ष 2023 की शुरुवात से प्रत्येक रविवार को अनवरत निरंतर जारी है। इसका मुख्य उद्देश्य समाज के साथ विश्व के हर नागरिक को धर्म लाभ के साथ साथ उत्तम स्वास्थ्य, शांति प्राप्त हो सके। आज भक्ताम्बर महाआराधना के लाभार्थी परिवार दिनेश प्रीति जैन रायपुर थे।

# ट्रैफिक एआईजी ने किया रायपुर-बिलासपुर मार्ग के ब्लैक स्पॉट्स का निरीक्षण

### यातायात जागरूकता के लिए ग्राम चौपाल आयोजित करने के दिए निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर (ए)।** रायपुर-बिलासपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर ब्लैक स्पॉट की पहचान करने अंतर्विभागीय लीड एजेंसी सड़क सुरक्षा छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष और एआईजी ट्रैफिक संजय शर्मा ने निरीक्षण किया। निरिक्षण के दौरान उन्होंने दुर्घटना को रोकने के लिए उपाय भी बताए। एआईजी ट्रैफिक शर्मा ने निरीक्षक नीलकंठ वर्मा थाना प्रभारी यातायात भनपुरी और राष्ट्रीय राजमार्ग बिलासपुर रोड पेट्रोलिंग टीम के प्रभारी अधिकारी पिंटू गुप्ता के साथ मुआयना किया और उपायों पर तुरंत काम करने के निर्देश दिए।

भनपुरी तिराहा से रायपुर बिलासपुर मार्ग में ग्राम बेमता गड़रिया नाला तक कुल 10 ब्लैक स्पॉट: भनपुरी तिराहा से यातायात थाना भनपुरी, व्यास तालाब से वीनू पेट्रोल पंप, धनराज होटल से धनेली बस्ती, लकी मेडिकल स्टोर्स से सिलतरा हाई स्कूल, सिलतरा से निकों कंपनी गेट, देवरी से तिवारी ढाबा, देवरी से तारपोंगी बस्ती, ग्राम बेमता से भूमिया, साकरा से प्रिंस ढाबा एवं गडरिया नाला बेमता का चिन्ह अंकन किया गया है जिन का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान सड़क दुर्घटना का प्रमुख कारण वाहन चालकों का अपने वाहनों पर नियंत्रण न रखना, ओव्हर स्पीड वाहन चलाना, यातायात नियमों का पालन नहीं करना मुख्य कारण है, जिस पर रोकथाम हेतु सर्वप्रथम हाईवे एवं ब्लैक स्पॉट स्थल के किनारे स्थित ग्रामों में यातायात जागरूकता हेतु ग्राम चौपाल लगाने, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर प्रवर्तन की कार्यवाही करने यातायात पुलिस रायपुर को निर्देश दिए एवं राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को सड़क दुर्घटना में रोकथाम हेतु ब्लैक स्पॉट स्थित चौक चौराहों के संपर्क मार्गों में वाहनों की स्पीड नियंत्रण हेतु रंबल स्ट्रिप (ब्रेकर) का निर्माण करना, कैट आई, संकेतक बोर्ड एवं भनपुरी से लेकर सांकरा तक प्रकाश की व्यवस्था करने निर्देश दिए।

# मुख्यमंत्री से स्टेट पोल्ट्री फार्म एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने की सौजन्य मुलाकात

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उनके निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ स्टेट पोल्ट्री फार्म एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात की।

मुख्यमंत्री बघेल से चर्चा के दौरान एसोसिएशन द्वारा बताया गया कि राज्य में मुर्गी पालन एक उभरता हुआ व्यवसाय है। यहां लगभग 3 करोड़ व्यवसायिक मुर्गे-मुर्गियों का पालन किया जाता है। इस व्यवसाय से प्रत्यक्ष रूप से लगभग 2 लाख लोग तथा अप्रत्यक्ष रूप से 14 लाख लोग जुड़े हुए हैं। हमारे राज्य का कृषि उत्पादन किसान भी मुर्गी पालन से जुड़े होते हैं, जो अर्थव्यवस्था में एक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करते हैं। इस अवसर पर सर्वश्री अचिन बैनर्जी, सूर्यकांत सुर, गोविन्द चंद्राकर, एस.एस. ब्राम्हणकर, नंद कुमार वर्मा, हरदीप सिंह तथा मेहुल पटेल आदि उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री ने 'भगवान परशुराम जयंती महोत्सव' के पोस्टर का किया विमोचन



**रायपुर (ए)।** मुख्यमंत्री बघेल ने रविवार शाम अपने निवास कार्यालय में गौड़ ब्राम्हण समाज संस्था रायपुर द्वारा प्रकाशित पोस्टर ''भगवान परशुराम जयंती महोत्सव'' का विमोचन किया। यह महोत्सव राजधानी के समता कॉलोनी स्थित मंगलम भवन में 22 अप्रैल को आयोजित होगा। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा एवं विप्र महासंगोष्ठी का आयोजन किया गया है। संस्था ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया। इस अवसर पर गौड़ ब्राम्हण समाज संस्था रायपुर, गुढ़ियारी, कबीर नगर और रायपुर विप्र समाज के विभिन्न इकाईयों के पदाधिकारी शामिल थे। इनमें नवल तिवारी, प्रहलाद मिश्रा, प्रतीक शर्मा, बसंत तिवारी तथा मुल्कराज शर्मा उपस्थित रहें।

**दस दिवसीय हस्तशिल्प एवं हाथकरघा प्रदर्शनी का आयोजन**

# बस्तर सांसद और हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष ने किया शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड द्वारा जगदलपुर में दस दिवसीय हस्तशिल्प एवं हाथकरघा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। बस्तर सांसद दीपक बैज और हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष चंदन कश्यप ने शनिवार को जगदलपुर में दस दिवसीय हस्तशिल्प एवं हाथकरघा प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में ग्रामोद्योग मंत्री गुरू रूद्रकुमार के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड द्वारा प्रदेश के हस्तशिल्पियों को उनके द्वारा निर्मित सामग्री के विक्रय हेतु बेहतर मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से समय-समय पर विभिन्न प्रदर्शनियों का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में बोर्ड द्वारा हस्तशिल्प एवं हाथकरघा प्रदर्शनी का आयोजन जगदलपुर के मैथोडिस्ट मैदान लाल चर्च के सामने कलेक्टर कार्यालय के पास किया जा रहा है।

यह दस दिवसीय प्रदर्शनी 15 से 24 अप्रैल तक चलेगी। इस प्रदर्शनी में हस्तशिल्पियों, बुनकरों एवं माटीशिल्पियों द्वारा 80 स्टॉलों के माध्यम से उनके द्वारा उत्पादित सामग्री और वस्त्रों की भव्य प्रदर्शनी-सह-विक्रय किया गया है। प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ के विश्व प्रसिद्ध ढोकरा शिल्प, लौह शिल्प, काष्ठ शिल्प, गोदना शिल्प, शीसल शिल्प, कालीन, छिंद कांसा एवं कौड़ी शिल्प के साथ-साथ कोसा साड़ी एवं ड्रेस मटेरियल का विशाल संग्रह एवं विभिन्न शिल्प सामग्रियों का विक्रय हेतु उपलब्ध है। यह प्रदर्शनी आम लोगों के लिए सुबह 11 बजे से रात्रि 9 बजे तक खुली रहेगी।

इस अवसर पर बस्तर सांसद दीपक बैज और छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड के अध्यक्ष चंदन कश्यप ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर हस्तशिल्पियों, कारीगरों और बुनकरों को बधाई और शुभकामनाएं देकर उनका हौसला बढ़ाया। इस मौके पर इंद्रावती बेसिन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष राजीव शर्मा, सभापति नगर निगम जगदलपुर कविता साहू और स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# रेलवे 20 अप्रैल के बाद लेगा ब्लॉक: रायपुर रेलवे स्टेशन में पहली बार ऐसा होगा कि 24 घंटे तक एक भी ट्रेन नहीं गुजरेगी

**रायपुर (ए)।** रायपुर रेलवे स्टेशन पर पहली बार 24 घंटे तक एक भी ट्रेन नहीं गुजरेगी। रायपुर स्टेशन के इतिहास में पहली बार ऐसा होगा जब 24 घंटे तक एक भी गाड़ी नहीं गुजरेगी। इसकी वजह है कि रेलवे प्लेटफॉर्म क्रमांक 7, आरआरआई केबिन, फुट ओवरब्रिज और वाल्टियर लाइन को जोड़ने का काम करेगा। रायपुर डीआरएम संजीव कुमार ने रेलवे बोर्ड को पत्र लिखकर 20 अप्रैल के बाद 24 घंटे के लिए ब्लॉक की अनुमति मांगी है।

इस दौरान रेलवे ज्यादातर गाड़ियों को रद्द करेगा तो कुछ को सरोना स्टेशन से डायवर्ड करेगा। रेलवे बोर्ड से हरी झंडी मिलते ही नान इंटरलाकिंग की प्रक्रिया तेज हो जाएगी। नान इंटरलाकिंग का काम पूरा होने के बाद फुट ओवरब्रिज, प्लेटफॉर्म क्रमांक की सुविधा यात्रियों को मिलने लगेगी। मंडल ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। बोर्ड से हरी झंडी मिलने का इंतजार है। रायपुर रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म क्रमांक 7, फुट ओवरब्रिज, आरआर आई केबिन की नई बिल्डिंग बनकर तैयार है। आरआर आई केबिन और प्लेटफर्म क्रमांक 7 को जोड़ने के लिए ब्लॉक लेना पड़ेगा। मंडल ने इसके पहले तीन दिन का ब्लॉक लेने का निर्णय लिया था। इस दौरान कुछ गाड़ियों को सरोना से और कुछ रायपुर स्टेशन चलाने की योजना थी। इससे गाड़ियां घंटों देरी से चलती। इससे यात्रियों को घंटों ट्रेन में गुजारना पड़ता तो वहीं रेलवे का भी नुकसान होता। इसलिए रेलवे ने तीन दिन के बजाय 24 घंटे का ब्लॉक लेने का निर्णय लिया है।


नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

















# घमौरियों से राहत पाने के लिए अपनाएं ये 5 घरेलू नुस्खे

**घमौरियों की समस्या तब होती है जब गर्मी के कारण अत्यधिक पसीना आता है, जिससे पसीने की ग्रंथियां बंद हो जाती हैं और पसीना त्वचा में फंस जाता है। चिकित्सकीय भाषा में इस स्थिति को मिलिअरिया कहते हैं। इस स्थिति से सभी उम्र के लोग प्रभावित होते हैं। इसके कारण त्वचा पर छोटे-छोटे लाल रंग के फुंसी जैसे दाने निकल जाते हैं, जिनसे चुभन होती है। आइए आज हम आपको घमौरियों से राहत दिलाने वाले 5 घरेलू नुस्खे बताते हैं।**



### एलोवेरा का करें इस्तेमाल

एलोवेरा के एंटी-बैक्टीरियल और एंटीसेप्टिक गुण घमौरियों से राहत दिलाने में सहायक हैं। यह सूजन को कम के साथ ही लालिमा को भी शांत करता है। एलोवेरा में हाइड्रेटिंग यौगिक भी होते हैं, जो त्वचा को डिहाइड्रेट होने से भी बचाते हैं। लाभ के लिए एलोवेरा जेल को प्रभावित हिस्से पर लगाएं और इसे 15 मिनट तक लगा रहने दें, फिर पानी से त्वचा को अच्छी तरह धो लें। एलोवेरा के ये 5 फेस पैक त्वचा के लिए फायदेमंद हैं।

### ओटमील स्नान करें

ओटमील त्वचा के लिए एक बेहतरीन एक्सफोलिएटर है और बंद पसीने की ग्रंथियों को ठीक करने में मदद कर सकता है। यह घमौरियों और उनके कारण होने वाली खुजली के साथ-साथ सूजी त्वचा से छुटकारा दिलाने में मदद कर सकता है। लाभ के लिए ओटमील स्नान करें और इसे प्रभावित हिस्से पर धीरे से रगड़ें। अच्छे परिणामों के लिए हफ्ते में ऐसा 3 बार करें।

### बेसन का लेप लगाएं

बेसन त्वचा के लिए एक उत्तम क्लींजर है। यह रोमछिद्रों को बंद करने वाली गंदगी को साफ करने में मदद करता है और मृत त्वचा कोशिकाओं को एक्सफोलिएट करता है। यह घमौरियों की खुजली और चुभन से राहत दिलाने में मदद कर सकता है। लाभ के लिए प्रभावित हिस्से पर बेसन को पानी में मिलाकर लगाएं। 15 मिनट के बाद त्वचा को ठंडे पानी से धो लें। बेदाग औप चमकदार त्वचा के लिए बेसन के ये फेस पैक लगाएं।

### मुल्तानी मिट्टी भी है प्रभावी


मुल्तानी मिट्टी बच्चों के साथ-साथ वयस्कों में घमौरियों को शांत करने में मदद करती है क्योंकि इसमें एनाल्जेसिक और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। लाभ के लिए मुल्तानी मिट्टी का गुलाब जल के साथ पेस्ट बनाएं और इसे प्रभावित हिस्से पर लगाएं। इसे 15 मिनट तक लगा रहने दें, फिर त्वचा को ठंडे पानी से अच्छी तरह धो लें। प्रभावी परिणामों के लिए इस पेस्ट को रोजाना लगाएं।

### तुलसी से मिलेगी राहत

तुलसी घमौरियों की चुभन, लालिमा और सूजन को कम करने वाले एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण प्रदर्शित करती है। लाभ के लिए तुलसी के कुछ पत्तों को पीसकर इसे शहद के साथ मिलाएं और घमौरियों पर लगाएं। इसके अतिरिक्त आप आलू के इस्तेमाल से भी घमौरियों से राहत पा सकते हैं। लाभ के लिए घमौरियों से प्रभावित हिस्से पर आलू का रस लगाएं, फिर 10-15 मिनट के बाद त्वचा को ठंडे पानी से धो लें।

## सूर्या के साथ बनी कंगुवा में दिशा पाटनी की जोड़ी

# 10 भाषाओं में रिलीज होगी फिल्म



दक्षिण भारतीय सिनेमा के सुपरस्टार सूर्या की हिंदी पट्टी में भी काफी लोकप्रियता है। सोरारई पोटरु और जय भीम जैसी फिल्मों के बाद से ही प्रशंसक उनकी अगली फिल्म के इंतजार में थे। पिछले कुछ समय से अभिनेता अपनी एक्शन फिल्म सूर्या 42 को लेकर चर्चा में थे, जिसमें उनके साथ दिशा पाटनी नजर आने वाली हैं। ऐसे में टीजर जारी कर सूर्या 42 के नाम कंगुवा के साथ 10 भाषाओं में इसकी रिलीज डेट का ऐलान हो गया है।

निर्माताओं ने फिल्म के नाम कंगुवा के साथ ही 2024 में इसकी रिलीज होनी की घोषणा भी कर दी है। फिल्म के नाम की घोषणा का यह 1 मिनट का टीजर काफी शानदार है, जिसमें सिर्फ ग्राफिक्स और बैकग्राउंड म्यूजिक का इस्तेमाल किया गया है। टीजर में पहाड़ी के कोने पर घोड़े पर सवार एक शख्स नजर आता है, जिसने मुखौटा पहन रखा है और उसके पीछे बड़ी सेना है, जिसे देख लग रहा है फिल्म एक्शन से भरपूर होगी।

सूर्या की यह फिल्म एक पीरियड एक्शन ड्रामा है, जिसे दो अलग-अलग समय रेखाओं में सेट किया गया है। इस फिल्म में सूर्या 5 अलग-अलग अवतारों में नजर आने वाले हैं, वहीं दिशा इस फिल्म के साथ तमिल इंडस्ट्री में डेब्यू कर रही हैं। सूर्या ने वेंकटर, अरथार, मंडनकर, मुकातर और पेरुमनाथर नाम के पांच किरदार निभाए हैं। इनके अलावा फिल्म में कोवई सरला, योगी बाबू, आनंद राज, रेडिन किंग्सले, रवि राघवेंद्र और अन्य सितारे भी शामिल हैं।

सिरूथाई शिवा द्वारा लिखित और निर्देशित यह फिल्म 2डी और 3डी में बनाई जा रही है। इसका संगीत देवी प्रसाद ने दिया है और इसे दुनिया भर में 10 भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। गोवा और चेन्नई सहित कई अलग-अलग स्थानों पर फिल्म की 50 प्रतिशत शूटिंग पहले ही पूरी की जा चुकी है और आने वाले महीनों में बाकी की शूटिंग भी पूरी हो जाएगी। यह फिल्म 2024 की शुरुआत में सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

फिल्म के नाम की घोषणा करने के बाद निर्देशक शिवा ने अपनी खुशी का इजहार करते हुए बताया कि जल्द ही 2024 में फिल्म किस दिन रिलीज होगी इसकी जानकारी भी दी जाएगी। उन्होंने कहा, हमें सूर्या 42 के नाम कंगुवा की घोषणा करते हुए बेहद प्रसन्नता हो रही है। सूर्या ने फिल्म में एक ऐसे व्यक्ति, जिसमें आग की शक्ति है, के किरदार को बखूबी निभाया है। उम्मीद है कि सिनेमा प्रेमियों यह पसंद आएगी।

दिशा सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ योद्धा में नजर आने वाली हैं और वह दीपिका पादुकोण के साथ प्रोजेक्ट के का भी हिस्सा हैं। सूर्या जल्द वेत्रिमारन के साथ वादिवासल की शूटिंग शुरू करेंगे। उनके पास सुधा कोंगारा और लोकेश कनगराज की 2 फिल्में भी हैं।

# मांसपेशियों में उठा दर्द बना देता हैं असहाय इन नैचुरल तरीकों से मिलेगा आराम



मसल्स अर्थात मांसपेशियां शरीर में बेहद जटिल व्यवस्था के साथ व्यवस्थित रहती हैं जिनमें उठी किसी भी प्रकार की परेशानी आपको असहाय बना सकती हैं। अक्सर देखने को मिलता हैं कि मांसपेशियों में अचानक दर्द होने लगता हैं। चाहे बच्चे हों या बड़े पैरों की मांसपेशियों में असमय दर्द उठ सकता है। कई बार देर तक हेवी वर्कआउट करने, तेजी से दौड़ने, मांसपेशियों में चोट लगने, मसल्स में स्ट्रेस आदि के कारण भी यह दर्द हो सकता हैं। जब दर्द ज्यादा बढ़ जाता है, तो कई लोग पेनकिलर खाना शुरू कर देते हैं। इससे तत्काल दर्द में आराम मिलता है, लेकिन यह दीर्घकालीन उपाय नहीं है। इसलिए आज इस कड़ी में हम आपके लिए कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे लेकर आए हैं जो आपके बेहद काम आ सकते हैं। आइये जानते हैं इनके बारे में..

### कैमोमाइल ऑयल

मसल्स में पेन होने पर कैमोमाइल एसेंशियल ऑयल से प्रभावित एरिया की मसाज करें। इसमें एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं, जो अनिद्रा, मांसपेशियों में ऐंठन, फीवर, सर्दी और फ्लू आदि को आसानी से ठीक करते हैं। इसकी चाय भी बनाकर आसानी से पी जा सकती हैं।

### बर्फ की सिंकाई

पैरों की मांसपेशियों में होने वाले दर्द से छुटकारा पाने के लिए आप बर्फ की सिंकाई कर सकते हैं। बर्फ की सिंकाई से मसल्स में अगर अंदरूनी सूजन होगी तो उससे भी आराम मिल जाएगा। आपको पैरों पर बर्फ से 15 से 20 मिनट सिंकाई करनी होगी। सिंकाई के लिए बर्फ का पैक लीजिए या फिर किसी रूमाल या छोटे तोलिया में बर्फ को लपेटकर पैरों पर हल्के हाथ से दबाकर रखिए। आप चाहें तो फ्रोजन मटर के बैग को भी सिंकाई के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं।

### हल्दी का इस्तेमाल

मांसपेशियों के दर्द में हल्दी भी राहत पहुंचा सकती है। आप इसे लगा भी सकते हैं और खा भी सकते हैं। जिस स्थान पर आपको दर्द हो रहा है, वहां अगर आप हल्दी लगाना चाहती हैं तो आपको हल्दी, चूना, प्याज का पेस्ट और सरसों का तेल मिक्स करके लगा लेना चाहिए और उस स्थान को कपड़े से इस तरह बांध लेना चाहिए कि हवा न लगे। वहीं अगर आप हल्दी का सेवन करना चाहते हैं तो रात में सोने से पहले एक कप दूध में चुटकीभर हल्दी और चुटकीभर कालीमिर्च मिला कर उसका सेवन करें। ऐसा करने भी आपको दर्द में राहत मिलेगी।

### सेब का सिरका

सेब का सिरका आपके मांसपेशियों के दर्द को दूर करने के लिए एक और महान उपाय है। इसमें सूजनरोधी और क्षारीय गुण भी होते हैं जो दर्द और सूजन को कम करने में मदद करते हैं। अपने नहाने के टब में सबसे पहले गुनगुना पानी डालें और इसमें दो कप सेब का सिरका मिलाएं। अब इस टब में 15 से 20 मिनट तक बैठे रहें। इस प्रक्रिया का इस्तेमाल रोज़ करें तब तक जब तक कि आपकी मांसपेशियों को आराम नहीं मिल जाता। इसके अलावा आप एक चम्मच सेब का सिरका और एक चम्मच शहद को गर्म पानी में मिलाकर पी सकते हैं। हफ्ते भर के लिए इस मिश्रण का प्रयोग रोज़ाना एक बार ज़रूर करें।

### लहसुन

यदि आपको कंधे, पैरों, बांह या शरीर के किसी भी हिस्से की मांसपेशियों में दर्द हो या खिंचाव महसूस हो रहा है, तो आप लहसुन वाले गर्म तेल से मालिश करें। इसके लिए सरसों के तेल में लहसुन की दो-तीन कली डालकर पका लें। इस तेल से दर्द वाली जगह पर मालिश करें। दर्द और खिंचाव कम होने लगेगा। लहसुन में मौजूद एलिसिन तत्व दर्द को कम करती है।

### अदरक

आयुर्वेद में अदरक को औषधि माना जाता है। डॉक्टर्स हमेशा बदलते मौसम और कोरोना महामारी के दौरान इम्यून सिस्टम मजबूत करने के लिए अदरक युक्त काढ़ा और चाय का सेवन करने की सलाह देते हैं। अदरक सूजन विरोधी रूप में कार्य करता है और रक्त परिसंचरण और रक्त प्रवाह को बेहतर बनाता है। इसके सेवन से मांसपेशियों के दर्द में भी आराम मिलता है। एक शोध में यह खुलासा हुआ है कि मांसपेशियों के दर्द में अदरक का सेवन फायदेमंद होता है। इसके लिए अदरक को पेन किलर भी कहा जाता है।

### पुदीना

पुदीना शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। ये खाने का स्वाद बढ़ाने के साथ मांसपेशियों के दर्द को भी कम करता है। पुदीना में एंटीस्पास्मोडिक और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो संकुचन के दौरान मांसपेशियों को आराम देते हैं और जिससे दर्द दूर होता है। इसकी चाय बनाकर पी जा सकती है या एसेंशियल ऑयल से मसाज करें।

### रोज़मरी

ताजा और सूखे रोजमेरी की पत्तियों में सूजनरोधी गुण होते हैं जो मांसपेशियों की सूजन और दर्द से जल्द रहत दिलाने में मदद करते हैं। इसके लिए आठ कप पानी में तीन मुट्ठी सूखे रोजमेरी की पत्तियों को डालें। अब उसे उबलने के लिए रख दें। उबलने के बाद उसे आंच पर से हटा दें और 20 मिनट तक ऐसे ही छोड़ दें। इस मिश्रण को अपने प्रभावित क्षेत्रों पर 15 मिनट के लिए लगाकर रखें। मिश्रण का उपयोग पूरे दिन में दो से तीन बार जरूर करें।


# स्त्री 2 का मजेदार टीजर आया सामने




राजकुमार राव की फिल्म स्त्री के सीक्वल की चर्चा लंबे समय से हो रही है। दबी जुबां अकसर इस फिल्म पर बात होती थी, पर इसकी पुष्टि तब हो गई, जब फिल्म भेड़िया के क्लाइमैक्स में राजकुमार और अपारशक्ति खुराना नजर आए थे। कुछ दिन पहले ही जियो स्टूडियोज ने कई फिल्मों का ऐलान किया है। इसमें स्त्री 2 समेत मैडॉक फिल्म्स की कई फिल्में शामिल हैं। अब निर्माताओं ने स्त्री 2 का दिलचस्प टीजर शेयर किया है।

मैडॉक फिल्म्स ने एक मजेदार टीजर शेयर किया है। इसमें विक्की को फिर स्त्री नजर आती है और वह डर जाता है। इसके बाद श्रद्धा कपूर बताती हैं कि वहां स्त्री नहीं, बल्कि वो थीं। यह बताकर श्रद्धा गायब हो जाती हैं। वहां मौजूद पंकज त्रिपाठी, अभिषेक बनर्जी और अपारशक्ति को एक चिट्ठी मिलती है, जिसमें बताया जाता है कि चंदेरी पर एक भयानक आफत आने वाली है। फिल्म अगले साल अगस्त में रिलीज हो रही है। फिल्म का इंतजार कर रहे दर्शक टीजर देखकर खुश हो गए। वे सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, ओ स्त्री जल्दी आना। एक अन्य यूजर ने लिखा, चंदेरी वालों फिर से साड़ी पहनने के लिए तैयार हो जाओ। एक अन्य प्रशंसक ने लिखा कि उन्हें पहली फिल्म बेहद पसंद आई थी और उन्हें सीक्वल का बेसब्री से इंतजार है। कई लोग कॉमेंट में दिनेश विजान को कंटेंट किंग बता रहे है। भेड़िया के क्लाइमैक्स सीन से पता चलता है कि अभिषेक बनर्जी का किरदार जनार्दन कोई और नहीं बल्कि स्त्री में नजर आया जना है। फिल्म के आखिर में विक्की और बिट्टू जना को लेने आते हैं। अमर कौशिक ने स्त्री और भेड़िया दोनों का निर्देशन किया था और अब वह स्त्री 2 का भी निर्देशन कर रहे हैं।

# फ्रंट कट-आउट ड्रेस में भूमि पेडनेकर ने फ्लॉन्ट किया परफेक्ट फिगरपर आग



बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर अपने स्टनिंग फैशन स्टेटमेंट्स और ग्लैमरस लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर चर्चाओं का विषय बनी रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस की खूबसूरती भरा अंदाज देख कर फैंस एक बार फिर से उनके लुक्स पर अपना दिल हार गए हैं। एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने अपनी दमदार एक्टिंग के दम पर बॉलीवुड इंडस्ट्री में एक बड़ा मुकाम हासिल किया है। वो हर बार अपनी हर एक तस्वीरों में बेहद ही अलग अंदाज में नजर आती हैं। हालांकि उनका लुक भी सबसे हट कर होता है। हाल ही में भूमि पेडनेकर ने अपने लेटेस्ट स्टाइलिश आउटफिट पहनकर फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों में भूमि पेडनेकर का ग्लैमरस अवतार देख कर फैंस के पसीने छूट गए हैं। भला छूटा भी क्यों ना उनकी हॉटनेस ही हर बार बवाल मचा देती हैं। दम लगा के हईशा मूवी से एक्ट्रेस ने काफी चर्चाएं बटौरी थी। हालांकि उनकी एक्टिंग को भी दर्शकों ने काफी पसंद किया था। अपने इन लेटेस्ट तस्वीरों में एक्ट्रेस ने ऑल व्हाइट कट-आउट जैकेट सेट पहना हुआ है। भूमि पेडनेकर अपने इस लुक में बेहद ही हॉट लग रही हैं। बालों को हेयर स्टाइल करवा के और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। बता दें कि भूमि पेडनेकर हाल ही में मुंबई में जिओ स्टूडियोज के इवेंट में पहुंची थी जहां उनके लुक ने महफिल लूट ली थी।

# खास प्रोजेक्ट के लिए एमएमए की ट्रेनिंग ले रही सौंदर्या शर्मा



फिल्म रांची डायरीज से एक्टिंग की शुरूआत करने वाली और बिग बॉस 16 में भी नजर आ चुकीं सौंदर्या शर्मा अपने अपकमिंग हॉलीवुड प्रोजेक्ट के लिए काफी एक्साइटेड हैं। वह मिक्स्ड मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग ले रही हैं।

सौंदर्या ने कहा कि अभी उनके लिए किसी स्पेशल प्रोजेक्ट के बारे में बात करना जल्दबाजी होगी लेकिन वह अपना बेस्ट देने के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से अपना पूरा प्रयास कर रही हैं। यह एमएमए प्रशिक्षण उसी का हिस्सा है।

मैं विदेश में किसी खास चीज के लिए एमएमए की ट्रेनिंग ले रही हूं। मैं इसे लेकर बहुत रोमांचित हूं। यह बहुत मेहनत का काम है और मैं इसे प्यार कर रही हूं। जल्द ही घोषणा करेंगे और अधिक विवरण साझा करेंगे।

थैंक गॉड, रक्तांचल 2, कंट्री माफिया और करम युद्ध जैसी वेब सीरीज में भी काम करने वाली एक्ट्रेस ने कहा कि वह कुछ एक्साइटिंग प्रोजेक्ट्स का इंतजार कर रही हैं और कुछ प्रमुख भूमिकाओं के साथ बॉलीवुड में काम करना चाहती हैं।

उन्होंने कहा, मैंने बॉलीवुड की दो बड़ी फिल्में साइन की हैं, उनकी घोषणा अगले हफ्ते की जाएगी। भगवान बहुत दयालु हैं। अभी मैं विवरण साझा नहीं कर सकती, मैं सीधे निमार्ताओं से उनके आने का इंतजार करूंगी और सही समय आने पर बोलूंगी।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER,
Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### निगम ने कचरा मुक्त शहर बनाने जागरूकता मोबाइल-टॉर्च रैली निकाली

**जगदलपुर।** स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग के लिए निगम के द्वारा शहर को कचरा मुक्त बनाने के लिए आज शाम को इको फ्रेंडली स्वच्छता मशाल मार्च (मोबाइल टार्च जलाकर) निकाला गया। दंतेश्वरी मंदिर से शुरु हुआ यह मार्च गुरुनानक चौक, संजय मार्केट, चांदनी चौक, एसबीआई चौक, गोल बाजार चौक, सिरहासार चौक से होते हुए दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण वापस पहुंचा जहा पर इसका समापन हो गया। इस जागरूकता मोबाइल-टॉर्च से रैली में मोबाइल की लाइट जलाकर शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए स्वच्छता का संदेश देते सुखा व गीला कचरा पृथक-पृथक रखने, पॉलीथिन का उपयोग नही करने के संकल्प के साथ मोबाइल-टॉर्च से रैली निकाली गई। महापौर सफीरा साहू ने कहा कि स्वच्छता उत्सव के तहत लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से मोबाइल-टॉर्च से रैली का आयोजन कर नगर निगम के द्वारा लोगों में सफाई के प्रति जागरूक लाने का प्रयास किया गया, इस रैली के माध्यम से शहर की जनता से अपील करते हुए उन्होने कहा कि सड़क व नाली में कचरा ना फेंके, सुखा व गीला कचरा पृथक पृथक कर डोर टू डोर कचरा संग्रहण वाहन में डालें। मोबाइल-टॉर्च से रैली से पूर्व युवोदय के द्वारा स्वच्छता पर नुक्कड़ नाटक का मंचन किया गया। इस मशाल रैली का नेतृत्व विधायक रेखंचद जैन, महापौर सफीरा साहू के द्वारा किया गया। इस इको फ्रेंडली मशाल रैली में निगम अध्यक्ष कविता साहू, पार्षद बी ललिता राव, कमलेश पाठक, मनोनीत पार्षद कौशल नागवंशी, आयुक्त दिनेश कुमार नाग, बचेका अध्यक्ष मनीष शर्मा साथ मौजूद थे।

### सांसद ज्योत्सना महंत 7 दिवसीय प्रवास पर

**कोरबा।** लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत 15 से 22 अप्रैल तक संसदीय क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगी एवं विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रविवार को उनका कोरबा आगमन हुआ। 17 अप्रैल को प्रातः 11 बजे कोरबा स्थानीय कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी। सायं 6 बजे मेडिकल कॉलेज कोरबा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी। रात्रि विश्राम कोरबा में करेंगी। 18 अप्रैल को स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होंगी। 19 अप्रैल को प्रातः 10.30 बजे कोरबा से ग्राम राहा कटघोरा के लिए प्रस्थान करेंगी। दोपहर 5 बजे ग्राम कसरेंगा से बैकुंठपुर, जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के लिए प्रस्थान करेंगी। शाम 7.30 बजे बैकुंठपुर, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर आगमन एवं रात्रि विश्राम करेंगी। 20 अप्रैल को प्रातः 10.30 बजे बैकुंठपुर में आयोजित दिशा समिति की बैठक में सम्मिलित होंगी।

### पोंढ, बारूका, कोडोहरदी और पंटोरा में भुंजिया कमार सेवा केंद्र का शुभारंभ

**गरियाबंद।** डाक्टरस आन स्ट्रीट और प्रोग्रेसिव युटिलाईज्शन ऑफ रिसर्च एंड ईकानामिक्स की टीम ने गरियाबंद ज़िले में चार स्थानों पर भुंजीया कमार सेवा केंद्र की शुरुआत की है।जिसमे ग्राम पोंढ,बारूका,कोडोहरदी और पंटोरा में इन केंद्रों की स्थापना की गई है।प्रत्येक केंद्र में समाजिक स्वीकृति से एक सेवामितान चिन्हित किये गये हैं,जिनके माध्यम से सेवामितान को संस्था के रिसर्च विशेषज्ञ ठाकुर संतोष के द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा।वही डॉ संगीता कौशिक ने भुंजिया-कमार सेवा केंद्रों में स्वास्थ्य सेवाओं का कार्यभार लिया है।विशेष संरक्षित जनजाति के लिये इस प्रकल्प के संयोजक डॉ सत्यजीत साहु ने बताया कि पुरे गरियाबंद में ऐच्छिक सेवामितान की उपलब्धता के आधार पर और भी भुंजिया-कमार सेवा केंद्र बनाये जायेंगे। कमार समाज के सर्किल मुखिया साजो कमार ने फेंकन बाई,महेन्द्र कुमार,और बारूका में श्रवण कुमार सोरी को नामांकित किया है।

पीएससी, व्यापम की नि:शुल्क कोचिंग के लिए नटवर स्कूल में मॉक टेस्ट का हुआ आयोजन

# पीएससी, व्यापम की निःशुल्क कोचिंग के लिए मॉक टेस्ट का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन रायगढ़ द्वारा आज जिले के मेधावी प्रतियोगी छात्र-छात्राओं के लिए नटवर स्कूल, रायगढ़ में नि:शुल्क कोचिंग के लिए मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें सीजी पीएससी एवं व्यापम परीक्षा के सिलेबस से प्रश्न पूछे गये थे। माक टेस्ट का मॉडल आंसर जिले की वेबसाईट www. raigarh.gov.in में अपलोड की गई है।**



इस संबंध में किसी भी परीक्षार्थी द्वारा दावा-आपत्ति जिला परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, कलेक्टर कार्यालय परिसर, रायगढ़ में आज कार्यालयीन समय में प्रस्तुत किया जा सकता है।

अगले सप्ताह रविवार दिनांक 23 अप्रैल 2023 को भी मॉक टेस्ट का आयोजन किया जाएगा। ज्ञात हो कि कल हुए मॉक टेस्ट में कुल 170 विद्यार्थी शामिल हुए। 100 नंबर का पेपर था, जिसमें कुल 50 प्रश्न पूछे गये थे। टेस्ट एक घंटे तक चला। मॉक टेस्ट में प्राप्त उच्चतम प्राप्तांकों के आधार पर 100 प्रतियोगी बच्चों का चयन कर उन्हें निःशुल्क कोचिंग दिया जाएगा।

इस दौरान डिप्टी कलेक्टर सुश्री अक्षा गुप्ता, डीएमसी नरेन्द्र चौधरी, एपीसी भुनेश्वर पटेल एवं भूपेन्द्र पटेल, संस्था प्राचार्य रूबी वर्गीस एवं स्टॉफ उपस्थित रहे।

**ये है मॉडल ऑंसरत्र** (1)गरियाबंद, (2)60.24, (3)रिहंद, (4)कवर्धा, (5)जशपुर सामरी पाट, (6)आर्कियन, (7)सरगुजा, (8)एक, (9) छत्तीसगढ़ महासभा, (10)राजेन्द्र प्रसाद शुक्ल, (11)साल वृक्ष, (12) 28 नवंबर (13)4.11', (14) सूरजपुर, (15) 1, 2 एवं 3 सही है, (16) कोरबा-रायगढ़, (17) सी.ए4, बी3, सी2, डी1, (18) हसदो, (19)सोयाबीन, (20) डी. ए2, बी3, सी4, डी4, (21)10 हजार, (22)9वें, (23)कटघोरा, (24) रेडियो संगवारी, (25)221 रुपए, (26) लोहा, (27)गुप्त युग, (28)चैतन्य, (29) सुमन्त, (30)बीरबल, (31) पुर्तगालियों ने, (32) अरविंद घोष, (33) कैबिनेट मिशन योजना, (34)पिंगली वेंकय्या, (35) एक बार, (36)तीन, (37)6 माह, (38)सम्पत्ति का अधिकार, (39) संसद के दोनों सदनों के निर्वाचित सदस्यों तथा राज्य विधान सभाओं के निर्वाचित सदस्यों द्वारा, (40) आरक्षण विवाद, (41) भारतीय रिजर्व बैंक, (42) हाइड्रोजन, (43) टार्टरिक अम्ल, (44) प्रकाश वैद्युत प्रभाव के लिए, (45)एनीमोमीटर, (46)अटलांटिक महासागर, (47)1 केबी, (48)सरबजोत सिंह, (49) उपर्युक्त सभी, (50) नई दिल्ली।

# गौठान बोडार में आजीविका मूलक गतिविधियों से सम्पन्न हो रहीं समूह की महिलाएं



श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरिया। जिले के गौठानों में विभिन्न आजीविकामूलक गतिविधियों के संचालन से समूह की महिलाएं आर्थिक रूप सम्पन्न हो रहीं हैं। इन्हीं गतिविधियों का जायजा लेने शनिवार को जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती नम्रता जैन ने विकासखण्ड सोनहत के बोडार गौठान का आकस्मिक निरीक्षण किया।**

उन्होंने गौठान में गोबर खरीदी की जानकारी ली तथा नियमित रूप से खरीदी जारी रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने स्व सहायता समूह की महिलाओं से गौठान में संचालित आजीविका गतिविधियों की जानकारी ली तथा उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने नवीन गतिविधियों हेतु महिलाओं को प्रेरित किया तथा सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान वर्मी कम्पोस्ट खाद का निर्माण कर रहीं माँ रमदईया स्वसहायता समूह की महिलाओं ने श्रीमती जैन को बताया कि उन्होंने अब तक 681.30 क्विंटल खाद का विक्रय किया है, समूह की अध्यक्ष मालती ने बताया कि समूह द्वारा गौठान में बाड़ी का भी कार्य किया जा रहा है यहां उन्होंने वर्तमान में मिर्च, टमाटर, आलू लगाए हैं, जिनके विक्रय से उन्हें 12 हजार का शुध्द लाभ हुआ है।

इसी प्रकार गौठान में आराधना तथा गंगा स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा मशरूम उत्पादन का कार्य किया जा रहा है।

सामाजिक, आर्थिक सर्वेक्षण कार्य

# बालोद जिला शत-प्रतिशत लक्ष्य को पूरा करने वाला राज्य का पहला जिला बना



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप राज्य सरकार के विशेष प्राथमिकता वाले सामाजिक ,आर्थिक सर्वेक्षण कार्य के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य को 16 दिनों की अवधि में शत-प्रतिशत पूरा करने वाला बालोद जिला छत्तीसगढ़ का पहला जिला बन गया है।

गौरतलब है कि बालोद जिला मात्र 16 दिनों की अवधि में राज्य के द्वारा दिये गए 1 लाख 62 हजार के लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूरा करने वाला प्रदेश का पहला जिला बन गया है।

इस संबंध में जिला कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने बताया कि जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ रेणुका श्रीवास्तव, तत्कालीन अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी हेमन्त ठाकुर, सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ,जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा इस कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों के क्षेत्र में उपस्थित रहकर कार्य की सतत मॉनिटरिंग के साथ साथ प्रगणकों के बेहतरीन कार्यों के फ्लस्वरूप यह उपलब्धि हासिल हुई।

# हाथी प्रभावित क्षेत्रों में सौर उर्जा संचालित लगाई गई हाई मास्क लाईट

## हाथी आतंक से निर्मित होने वाले भय के वातावरण से मिली ग्रामीणों को निज़ात

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद।** जिले के बालोद विकासखण्ड के अनेक ग्राम पंचायतों में लम्बे अरसे से समय-समय पर जंगली हाथियों की धमक होती रही है। देवारभाट, तालगांव, मटिया बी, मुल्लेगुड़ा, नर्रा एवं इनके 12 से अधिक आश्रित ग्राम, पारा, टोला में जंगली क्षेत्र से हाथियों का दल भोजन पानी की तलाश में बस्तियों के निकट वक्त बेवक्त आ जाते थे एवं खेत जलाशय, घरों, मुहल्लों, बाड़ी को नुकसान पहुँचाने के साथ, जान व माल की नुकसान होता है जिससे यहाँ सामान्य जनजीवन के समक्ष एक कठिन चुनौती उत्पन्न हो रही थी।

हाथियों की यह समस्या तब और विकराल रूप ले रही थी जब हाथी दल की धमक अंधेरे में हो इस डर के कारण इन क्षेत्रों में ग्रामीण अंधेरा होने के बाद किसी भी कार्य हेतु घर से बाहर जाने से भयभीत होते व बचते थे। ग्रामीणों के द्वारा समय-समय पर शासन-प्रशासन वन विभाग एवं जन प्रतिनिधियों के समक्ष लम्बे समय से इस समस्या के निदान हेतु हाथी प्रभावित इन क्षेत्रों में रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था की मांग उठती रहती है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के जिले के प्रवास व क्षेत्रीय कार्यक्रमों में भी आमजनों के द्वारा इस समस्या को प्रमुखता से उठाया गया। मुख्यमंत्री के द्वारा इसके निराकरण हेतु आश्वासन व प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिये गये थे। जिसके परिपालन में कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा पूरे संवेदनशीलता व तत्परता से समस्त हाथी प्रभावित ग्रामों, पारा टोला में जिला खनिज न्यास निधी योजना से सौर उर्जा संचालित हाई मास्क लाईट स्थापना प्रमुख चिन्हाकित स्थानों पर की गई जिससे अब वहां अंधेरे के समय में हाथी आतंक से निर्मित होने वाले भय के वातावरण से निजात मिली एवं जान व माल की सुरक्षा में यह प्रकाश व्यवस्था अहम कड़ी साबित हुई । शासन एवं प्रशासन की इस प्रकार की सजगता संवेदनशीलता व तत्परता निश्चित तौर पर एक अत्यंत सराहनीय पहल है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री की पहल पर हाथी प्रभावित क्षेत्रों में सोलर लाईट लगने पर उनके प्रति धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।



सरपंच ग्राम पंचायत मुल्लेगुड़ा के सरपंच श्री जितेन्द्र कुमार पटेल ने बताया की हाथियों के विचरण से ग्रामीणों में भय का माहौल था परंतु अब रात्रि व भोर में ग्रामीण भय मुक्त होकर दैनिक क्रियाकलाप कर पातें हैं निश्चित तौर पर यह सराहनीय प्रयास है। इसी प्रकार ग्रामीण श्री संतोष मांडवी, कमल सिंह गोटा, श्रीमती छेडिया बाई निषाद ने बताया की हमारा गांव दुरस्थ वनांचल में स्थित है, हमारी समस्याओं को समझकर त्वरित रूप से प्रकाश व्यवस्था करके प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल एवम जिला प्रशासन बालोद ने संवेनशीलता का परिचय दिया हम सब बहुत खुश है और उन्हें धन्यवाद देतें है।

# मुख्यमंत्री बघेल ने दी 117 करोड़ रूपए से अधिक के विकास कार्यो की सौगात

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में आज भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान शहर वासियों को 117 करोड़ 61 लाख रूपए से अधिक के विभिन्न विकास कार्यो की सौगात दी। भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में युवाओं को रोजगार, सड़क-यातायात, पेयजल, शहर सौदर्यीकरण से लेकर इलाज की बेहतर सुविधा से जुड़े कई विकास कार्यो का लोकार्पण और भूमिपूजन किया गया।।**



श्री बघेल ने 50 करोड़ रूपए की लागत से रायपुर शहर में 5 सड़कों के सौदर्यीकरण और 10 करोड़ की लागत से मल्टीलेवल पार्किंग के पांचवें माले पर 500 सीटर बी.पी.ओ. सेंटर की आधारशिला रखी। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने नगरनिगम रायपुर के जोन क्रमांक 07 में 26 लाख रूपए की लागत के, जोन क्रमांक 04 में 85 लाख रूपए की लागत से और जोन क्रमांक 10 में 01 करोड़ रूपए की लागत के कई विकास कार्यो का भूमिपूजन भी किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने साढ़े 65 करोड़ रूपए की लागत के विकास कार्यो को शहर वासियों को समर्पित भी किया।

भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान श्री बघेल ने 24 करोड़ 87 लाख रूपए की लागत से निर्मित देवेंन्द्र नगर उच्च स्तरीय जलागार और पाईप लाईन विस्तार कार्य, 13 करोड़ 83 लाख रूपए की लागत से शंकर नगर उच्च स्तरीय जलागार और पाईप लाईन विस्तार कार्य, 5 करोड़ 30 लाख रूपए की लागत के तेलीबांधा उच्च स्तरीय जलागार से पाईप लाईन विस्तार कार्य, 53 लाख रूपए की लागत से शंकर नगर के जेठवा गार्डन का सौदर्यीकरण और पुनर्विकास कार्य और 48 लाख रूपए की लागत से देवेन्द्र नगर के गुरूघासीदास गार्डन के सौदर्यीकरण और पुनर्विकास कार्यो का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने 40 लाख रूपए की लागत से फाफाडीह के साहू पारा तालाब के सौदर्यीकरण और पुनर्विकास कार्य, 37 लाख रूपए की लागत से श्यामनगर के महाराणा प्रताप गार्डन का सौदर्यीकरण और पुनर्विकास कार्य, 19 लाख रूपए की लागत से देवेन्द्र नगर के चैतन्य गार्डन का सौदर्यीकरण और पुनर्विकास कार्य, 18 लाख रूपए की लागत से सिद्धीविनायक गार्डन का सौदर्यीकरण और पुनर्विकास कार्य और 17 लाख रूपए की लागत से सर्वानंद गार्डन का सौदर्यीकरण और पुनर्विकास कार्यो का लोकर्पण किया। मुख्यमंत्री ने पंडरी में 19 लाख रूपए की लागत से पुनर्विकसित किए गए कुष्ठ बस्ती तालाब, 69 लाख रूपए से पुनर्विकसित किए गए खम्हारडीह के बड़ा शीतला तालाब का भी लोकार्पण किया।श्री बघेल ने 19 लाख रूपए की लागत से पुनर्विकसित हुए शंकर नगर गार्डन, 87 लाख रूपए की लागत से बने शहीद नंदकुमार पटेल चौक, 47 लाख रूपए की लागत से इंन्द्रावती कालोनी गार्डन और 14 लाख रूपए की लागत से गीतांजली नगर गार्डन के सौदर्यीकरण कार्यो को भी शहर वासियों को लोकर्पित किया।

श्री बघेल ने इस दौरान नगरनिगम रायपुर के जोन क्रमांक 03 में 02 करोड़ रूपए की लागत के, जोन क्रमांक 02 में 05 करोड़ 18 लाख रूपए की लागत से और जोन क्रमांक 09 में 03 करोड़ 17 लाख रूपए की लागत से हुए विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण भी किया।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर

### 20 हजार की बैटरी चोरी करते हुए तीन गिरफ्तार

**बैकुंठपुर ( ए )।** पटना स्थित मोबाइल टॉवर से तीन नग बैटरी चोरी करते 3 चोरों को स्थानीय लोगों ने पकड़ा, इसके बाद उन्होंने चोरों को पुलिस के हवाले किया। बैट्री की कीमत 20 रुपए हैं। टेक्नीशियन शिवशंकर की शिकायत पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफके केस दर्ज किया। बता दें कि तीन चोर अजय, करन चौधरी व राजकुमार उर्फसंतकुमार निवासी कोल दफाई बिजुरी में रहते है। पुलिस ने बताया कि पटना एटीसी टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा. लि, कंपनी का मोबाइल टॉवर पटना में प्रकाश की बाड़ी में किराए पर लगाया गया है। 15 अप्रैल की रात 12.30 बजे ऋषभ वर्मा ने टेक्नीशियन को कॉल कर बताया कि टावर के बाउंड्री में लगाए गए फेंसिंग तार के पीछे तीन लोग घुसकर गार्ड रूम का ताला तोड़कर बैटरी चोरी कर ले जा रहे थे। इसके बाद तीनों चोर को पकड़कर पुलिस के हवाले किया गया।

### शिकायत मिलने पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज

**बैकुंठपुर ( ए )।** पत्नी के साथ दुष्कर्म और पति के साथ मारपीट करने वाले आरोपी के खिलाफ प्रार्थी की शिकायत पर सोनहत थाना में केस दर्ज किया गया है। मामले में पुलिस ने बताया कि आरोपी दिल्लु उर्फ नान्हू सूरजपुर जिले के प्रेमनगर का रहना वाला है। वह गांव में घूम-घूमकर मजदूरी का काम करता है, जिस वजह से गांव में लोगों से उसकी पहचान है। घटना वाले दिन 20 दिसम्बर की शाम 6 बजे आरोपी पीड़िता के घर बैठने के लिए गया था।

रात होने की वजह से तीनों साथ में खाना खाए। पति सोने चला गया, इसके बाद आरोपी ने महिला के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। शोर मचाने पर बीच बचाव करने आए पति को चूल्हे की जलती हुई लकड़ी से आरोपी ने मारा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बता दें कि पीड़िता का ढाई महीने तक जिला अस्पताल में इलाज चला, इसके बाद उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में केस दर्ज कराया।

### बहन की शादी के लिए खरीदारी कर घर लौटा और कमरे में लगा ली फांसी

**सीतापुर ( ए )।** बहन की शादी के लिए खरीदारी कर अपने कमरे में लौटे युवक ने मां से बात करने के करीब तीन घंटे बाद ही फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। दरअसल, सीतापुर थाना क्षेत्र के ग्राम पेंट निवासी खिजर खान पिता इजराइल खान उम्र 30 वर्ष पिछले 15 सालों से बैंगलुरू में रहकर कपड़ा मिल में काम करता था। उसके साथ ही वह कंपनी के पास के ही कॉलोनी में किराए के मकान में अकेले रहता था। जानकारी के अनुसार युवक की बहन की शादी सात मई को होने वाली थी, इसी सिलसिले में वह रविवार को वह ट्रेन के रिजर्वेशन कर कर घर लौटने वाला था।

मंगलसूत्र और झूमके के बदले थमा दी थर्माकोल

# जेवर बदलकर डबल सोना देने का झांसा, थर्माकोल के टुकड़ों को रुमाल में लपेटकर चंपत हुईं महिलाएं

**बिलासपुर (ए)।** बिलासपुर में एक महिला से ठगी करने वाली तीन महिलाओं के खिलाफपुलिस ने केस दर्ज किया है। महिला खरीदारी करने मार्केट गई थी। तभी रास्ते में तीन महिलाएं उन्हें चुपके से गली में ले गईं और उनके सोने के गहनों को डबल करने के साथ ही बदले में पैसे देने का झांसा देकर उतरवा लीं। फिर रुमाल में गहने और रुपए देने का झांसा देकर चंपत हो गईं। महिला जब घर पहुंचकर रुमाल खोलकर देखी, तब उसमें थर्माकोल के टुकड़े मिले। महिला की शिकायत पर पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर महिलाओं की तलाश कर रही है। पूरा मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है।



जूना बिलासपुर के पचरीघाट स्थित मनोहर होटल के पास रहने वाली निर्मला साहू (50) गृहणी हैं। बीते शुक्रवार की शाम वे खरीदारी के लिए शनिचरी बाजार गईं थीं। तभी बाजार में प्रिंस बेकरी के पास तीन महिलाओं ने उन्हें रोक लिया और उनसे सटकर खड़ी होकर बातचीत करने लगीं। इसके बाद महिलाएं उन्हें लेकर खाटू श्याम मंदिर के सामने स्थित बंगाली जर्दा दुकान के पीछे गली में ले गईं।

### महिला को सोना डबल करने और पैसे देने का दिया झांसा

तीनों महिलाएं निर्मला को बरगलाते गली में धीरे-धीरे बात करने लगीं और कहा कि वो सोने को डबल करके देती हैं। उन्हें भी मंगलसूत्र और झूमका के बदले में डबल सोना मिल जाएगा और बदले में पैसे भी मिलेंगे। निर्मला उनके झांसे में आ गई और गले में पहनीं सोने का झुमका व मंगलसूत्र निकाल कर उन्हें दे दी। इसके बदले महिलाओं ने एक रुमाल उन्हें दिया और बताया कि उसमें पैसे और गहने हैं। इसे अभी मत खोलना और घर जाकर देखना। फिर महिलाएं वहां से चंपत हो गई। उनके जाने के बाद निर्मला ने रुमाल खोलकर देख तो उसमें केवल थर्माकोल के टुकड़े निकले। इससे घबराई महिला ने इस घटना की जानकारी अपने परिजन को दी। फिर शिकायत लेकर कोतवाली थाने पहुंची। पुलिस ने मामले में धारा 420, 34 के तहत धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है।

### सीसीटीवी फुटेज के आधार पर महिलाओं की तलाश में जुटी पुलिस

इस घटना के बाद पुलिस ने पीड़ित महिला निर्मला से पूछताछ की, जिसके आधार पर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही हैं। पुलिस को दो दुकानों से फुटेज मिले हैं, जिसमें दो-दो के ग्रुप में चार महिलाएं चलती हुईं, दिख रही हैं। इससे आशंका जताई जा रही है कि तीन महिलाओं के साथ चौथी महिला भी रही होगी। फिलहाल, फुटेज के आधार पर पुलिस रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सहित शहर के आउटर में डेरा लगाने वाली महिलाओं की तलाश में जुट गई है।

इकलौते बेटे ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

# माता पिता गए थे काम पर, घर लौटे तो बेटा फंदे पर लटका मिला



**दुर्ग ( ए )।** दुर्ग जिले के जेवरा-सिरसा चौकी अंतर्गत एक युवक ने रविवार शाम अपने घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर लिया। जिस समय उसने फांसी लगाई घर में कोई नहीं था। उसके माता पिता दोनों काम पर गए थे। जेवरा सिरसा चौकी पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जेवरा-सिरसा चौकी प्रभारी मुकेश सोरी ने बताया घटना रविवार शाम करीब 4 बजे की है। उनके पास सूचना आई थी कि करंजा भिलाई भाटापारा में किसी युवक ने फांसी लगा लिया है। पुलिस मौके पर पहुंची। तो पता चला कि तुलाराम नेताम (26 वर्ष) नाम के युवक ने अपने घर में नायलोन की रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या की है।

जिस समय उसने फांसी लगाई, घर पर कोई नहीं था। माता-पिता रोजी मजदूरी करते हैं, और वो सुबह से ही काम पर गए थे। शाम को जब वो लौटे तो घर का दरवाजा अंदर से बंद था। उन्होंने काफी आवाज लगाई, लेकिन जब अंदर से कोई नहीं बोला और न दरवाजा खुला तो उन लोगों ने मोहल्ले के लोगों को बुलाया। इसके बाद दरवाजा तोड़कर अंदर गए तो देखा कि तुलाराम फांसी पर लटका हुआ था। पुलिस ने युवक को फंदे से नीचे उतारा और अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### नहीं पता चला आत्महत्या का कारण

पुलिस के मुताबिक युवक के पास न कोई सुसाइड नोट मिला और न परिजन कोई कारण बता रहे हैं। इसलिए उसके खुदकुशी करने का कारण पता नहीं चल पाया है। अपने इकलौते बेटे की मौत से माता पिता सदमे में आ गए हैं।

# शराब के नशे में बिजली ट्रांसफार्मर से चिपका युवक, मौके पर मौत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग जिले के मोहन नगर थाना क्षेत्र में रविवार की रात एक युवक बिजली के ट्रांसफार्मर से चिपक गया। करंट लगने से युवक की मौके पर मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक ट्रांसफार्मर के नीचे बैठकर शराब पी रहा था और इस दौरान उसे करंट लगा और काफी देर तक चिपका रहा। लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने डंडे से मारकर युवक को अलग किया। तब तक वह बेहोश हो गया था। आनन फानन में उसे अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



मोहन नगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार देर शाम 7 बजे की यह घटना बताई जा रही है। अज्ञात युवक ग्रीन चौक के पास बने दुर्गा पंडाल के पास ट्रांसफार्मर से चिपक गया है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से युवक को ट्रांसफार्मर से अलग किया और 108 की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि युवक ट्रांसफार्मर के नीचे बैठकर शराब पी रहा था। इस दौरान उसने वायर को छू लिया और चिपक गया। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। फिलहाल युवक के शव को दुर्ग मरच्यूरी में रखवाया गया है।

# नाले में नहाने गए बालक को बचाने के चक्कर में दूसरा भी डूबा, दोनों की मौत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बालोद।** बालोद जिले के देवरी विकासखंड क्षेत्र के तहत नाले में नहाने गए दो युवक बह गए और उनकी डूबने से मृत्यु हो गई मामला ग्राम टटेंगा खरखरा कसही नाले का है। डूबने वाले युवकों की उम्र 11 वर्ष और दूसरे युवक की 21 वर्ष बताई जा रही है। ग्रामीण टुमन लाल साहू ने बताया कि एक 11 वर्षीय बालक पहले पानी में डूबा और उसे बचाने के लिए गए 21 वर्षीय युवक भी डूब गया। आनन-फानन में उन्हें बचाने और शव को



खोजने के लिए आसपास के मछुआरों को बुलाया गया तब तक काफी देर हो चुकी थी।

मछुआरों ने जब निकाला तो निजी वाहन से उन्हें स्थानीय अस्पताल ले जाया गया जहां पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। एक युवक नारायणपुर में रहता था और एक टटेंगा में रहता था मृतक युवकों का नाम यश कुमार मानिकपुरी उम्र 21 वर्ष एवं अखिलेश यादव 11 वर्ष है।

### नहीं आता था तैरना

11 वर्षीय युवक अखिलेश यादव को तैरना नहीं आता था फिर भी वह तेज बहाव में कूद गया लेकिन वह डूबने लगा फिर एक अन्य 21 वर्षीय युवक यश कुमार मानिकपुरी उसे बचाने के लिए वह भी तेज बहाव में कूदा परंतु ना वह दूसरे को बचा पाया ना खुद को और पानी की आगोश में आ गया और दोनों की मृत्यु हो गई।

# प्रेमी ने शादी से किया इंकार तो युवती ने कर ली खुदकुशी, पंखे से लटकता मिला शव

श्रीकंचनपथ न्यूज

**सरगुजा।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में एक युवती ने प्रेमी के शादी से इंकार करने पर खौफनाक कदम उठाया। युवती ने घर पहुंचकर कमरे में पंखे से फंदा लटकाया और फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जब युवती काफी देर तक रूम से बाहर नहीं निकली, तो मां ने उसे आवाज लगाई। जब बेटी अपने कमरे में गई और काफी देर तक बाहर नहीं आई। मां ने खिड़की से झांका तो बेटी फंदे पर लटकी हुई थी। बदहवास मां चीखने लगी जिसे सुनकर घर व पास पड़ोस के लोग पहुंचे। इसके पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार घटना अंबिकापुर के सिटी कोतवाली क्षेत्र का है। यहां के मायापुर निवासी रश्मि खातून (23) का अपने परिचित युवक से अफेयर




चल रहा था। इसकी जानकारी परिजनों को हुई तो युवती ने कहा कि दोनों शादी करना चाहते हैं। इसके बाद युवती के माता पिता पड़ोसी युवक के घर गए और रिश्ते की बात की। इस पर युवक ने यह कहते हुए मना कर दिया कि वह उससे प्यार नहीं करता है। युवक ने यह भी कहा कि युवती ही उसके पीछे पड़ी है।

जिसे युवती अपना प्रेमी मानती थी उसके इस प्रकार के व्यवहार से युवती काफी आहत हुई और घर पहुंचने के बाद उसके माता पिता ने काफी समझाया। शनिवार को युवती अपने कमरे में गई और दरवाजा बंद कर लिया। काफी देर तक युवती बाहर नहीं निकली तो मां को चिंता हुई। उसने दरवाजा खटखटाया लेकिन युवती ने नहीं खोला। इसके बाद मां खिड़की से झांककर देखी तो युवती फंदे पर लटकी थी। इसके बाद मां ने अपने पति सहित घर वालों को बताया और पुलिस को सूचना दी गई। फिलहाल इस पूरे मामले में पुलिस जांच कर रही है।

# थाने में रेप के आरोपी ने की आत्महत्या की कोशिश जलता बल्ब निगला, मुश्किल में फंसी पुलिस की जान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** रेप के आरोपी ने थाने में आत्महत्या की कोशिश की। भिलाई के स्मृति नगर चौकी में रविवार को यह घटना तब हुई तब पुलिस रेप के आरोपी को लेकर चौकी पहुंची। इस दौरान आरोपी ने बाथरूम जाने का बहाना किया और वहां पर जलता हुआ बल्ब निगल निगल गया। जब वह बाहर निकला पुलिस के होश उड़ गए। आनन फानन में आरोपी को सुपेला शास्त्री अस्पताल ले जाया गया जहां बड़ी डॉक्टरों ने उसे बचा लिया।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार देर रात आरोपी यश गोड़ नाम के युवक ने स्मृति नगर स्थित स्लम बस्ती में चोरी की नीयत से गया। जिस घर में वह घुसा वहां महिला



अकेली मिली तो उसका रेप कर दिया और उसका मोबाइल छीनकर भाग गया। इसके बाद महिला ने इस मामले की शिकायत स्मृति नगर चौकी में दर्ज कराई। स्मृति नगर पुलिस ने अपराध दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। रविवार दोपहर को स्मृति नगर पुलिस ने आरोपी यश गोड़ को गिरफ्तार कर लिया।

रविवार को जब पुलिस उसे स्मृति नगर चौकी लेकर पहुंची तब तक ठीक था। इसके बाद आरोपी ने बाथरूम में जाने का बहाना किया। पुलिस जवान उसे बाथरूम लेकर गए। बाथरूम के अंदर से वह निकला तो मुंह से खून निकल रहा था। पुलिस ने समझा आरोपी जहर खा लिया है। उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया जहां पता चला कि आरोपी ने बल्ब निगल लिया है। इसके बाद उसे सुपेला शास्त्री अस्पताल में भती कराया गया। बताया जा रहा है कि जब आरोपी को गिरफ्तार किया गया तो वह शराब के नशे में धुत था। फ्लिहाल आरोपी खतरे से बाहर है और इसके साथ ही पुलिस ने भी राहत की सांस ली।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095



राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles



Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000



भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

# सेक्टर 10 में विधायक देवेंद्र ने दी बैडमिंटन कोर्ट की सौगात, वरिष्ठजनों के साथ किया लोकार्पण

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** वार्ड क्रमांक 65 सेक्टर 10 वासियों को भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव ने सर्व सुविधा युक्त बैडमिंटन कोर्ट की सौगात दी। वार्ड पार्षद सुभद्रा सिंह लोककर्म प्रभारी एकांश बंछोर, अनिल सिंह, राजेश प्रसाद सहित वार्ड के वरिष्ठजनों के साथ मिलकर फीता काटकर लोकार्पण किया। सेक्टर 10 सड़क 35 में भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव की पहल पर 10 लाख की लागत से इस बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण किया गया है।

इस मौके पर विधायक देवेन्द्र ने कहा कि सिर्फ टाउनशिप ही नहीं बल्कि हम पूरे शहर में बड़े-बड़े विकास कार्य करवा रहे हैं। शिक्षा के क्षेत्र में भिलाई हमेशा से अग्रणी रहा है और हम खेल में भी भिलाई को अग्रणी बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। इसके लिए वे जरूरी खास खेल जिस पर पहले कभी ध्यान नहीं दिया गया और जिसके लिए भिलाई में कोई खास सुविधा नहीं है वैसे खेलों के लिए सुविधा बनाई जा रही है ताकि हमारे खिलाड़ियों को जरूरी प्लेटफार्म मिल सके। उन्होंने बताया कि 10 लाख की लागत से बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण किया गया है। इस बैडमिंटन कोर्ट में सभी जरूरी सुविधाएं हैं। जिससे खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए बेहतर सुविधा मिलेगी। फ्लड लाइट की सुविधा होने से रात में भी खेल का आनंद लिया जा सकेगा।

### वार्ड का दौरा कर लोगों से की भेंट मुलाकात

इस दौरान विधायक देवेंद्र यादव ने सेक्टर 10 वार्ड का दौरा भी किया। यहां लोगों से भेंट मुलाकात कर यहां हुए विकास कार्यों का निरीक्षण किया।। इस बीच सड़क 28ए और 8 एफमें पहुंचे, जहां वे लोगों के साथ बैठक करके विभिन्न विषयों पर चर्चा। इसी प्रकार जोनल मार्केट शाप नंबर 179 शुभम जायसवाल के यहां बैठक की। इसके बाद सड़क 30 स्थित मंदिर में बैठक की। इस तरह वार्ड में कई जगह बैठक कर समस्याओं पर चर्चा की गई।

### तेजी से हो रहा शहर का विकास

इस अवसर पर विधायक देवेन्द्र यादव ने कहा कि प्रदेश में जब से कांग्रेस की सरकार बनी है और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में सिर्फभिलाई ही नहीं बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ का विकास हुआ है। छत्तीसगढ़ के किसानों से लेकर मजदूरों के हित और विकास के लिए योजनाएं बनाएंगे शहर में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को पट्टा का लाभ दिया जा रहा है। हर परिवार को राशन कार्ड बना कर दिया गया है। इस तरह से प्रदेशवासियों के हित में लगातार काम किए जा रहे हैं।

## खास - खबर

### करबला कमेटी के इफ्तार में की गईं अमन की दुआएं, एसपी व अन्य अफसर भी हुए शामिल



**भिलाई।** मोहर्रम कर्बला कमेटी के तरफसे मुश्किल कुशा, शेरे खुदा हजरत अली की यौम ए शहादत के मौके पर 21 रमज़ानुल मुबारक पर इफ्तार का प्रोग्राम करबला मैदान जी. ई. रोड मे रखा गया। इस दौरान बड़ी तादाद में रोजेदारों ने शिरकत की। नमाज के बाद मुल्क में अमन व सलामती और भाईचारा बनाए रखने की दुआएं की गई। इस दौरान एसपी अभिषेक पल्लव, एडिशनल एसपी संजय धुव , सीएसपी निखिल राखेचा, छावनी टीआई मोनिका पांडे, सुपेला टीआई दुर्गेश शर्मा, सेवानिवृत्त एडिशनल एसपी विश्वास चंद्राकर, श्री चौहान, मुहर्रम कर्बला कमेटी के सरपरस्त वीरेंद्र सतपथी, मंसूर भाई इमदादी वाला और अन्य भी मौजूद थे। एसपी अभिषेक पल्लव ने मोहर्रम करबला कमेटी की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि मुल्क में आपसी भाईचारा व सौहार्द कायम रखने ऐसे आयोजन सभी समुदायों की तरफसे होते रहना चाहिए। माहे रमजान में मुस्लिम समुदाय के बड़ी उम्र के लोग पाबंदी रोजे रख रहे हैं वहीं बच्चे भी पीछे नहीं है। सेक्टर-1 निवासी मोहम्मद नासिर के बेटे मोहम्मद अब्दाल इस रमजान पूरे रोजे रख रहे हैं। इसके साथ ही वह अपनी स्कूली पढ़ाई भी जारी रखे हुए हैं। अब्दाल अपने दादा-दादी के साथ पूरी इबादत भी कर रहे हैं। अब्दाल इस रमजान पूरे रोजे रखना चाहते हैं।

### भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ ने लगाया शिविर, लाभान्वित हुए लोग



**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित किए जा रहे सामाजिक न्याय सप्ताह के अंतर्गत भाजपा जिला भिलाई चिकित्सा प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ प्रदीप चौधरी की अध्यक्षता,योगेन्द्र सिंह महामंत्री भाजपा जिला भिलाई के मुख्य आतिथ्य में आस्था बहुउद्देशीय कल्याण संस्था के कार्यालय सेक्टर 2 भिलाई में सामाजिक समरसता कार्यक्रम के तहत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ के चिकित्सक डॉ प्रदीप चौधरी,डॉ अनुज खरे,डॉ जयदीप सूर,डॉ अमित पांडे,डॉ जे पी तिवारी,डॉक्टर शैलेंद्र सिंह,डॉक्टर पोषण देवांगन,आशीष शर्मा,अश्विनी गौतम ने सभी प्रबुद्ध जनों की जांच कर दवाइयां दी एवं ब्लड जांच भी की एवं चिकित्सा मार्गदर्शन भी किया।

### स्वच्छता टीम का लगातार सफाई अभियान

**भिलाई।** स्वच्छता अभियान टीम का लगातार निरंतर अनवरत 260 वा सप्ताह जारी रखते हुए इस बार सिविक सेंटर स्थित सुपर बाजार कला मंदिर से लगा हुआ दारु भट्टी मे साफ-सफाई के लिए जब स्वच्छता के सिपाही पहुंचे तो वहां पर डिस्पोजल गिलास, पाउच पन्नी और कचरे का ढेर देख कर के दंग रह गए कि इतनी बड़ी गंदगी के बीच लोग बैठ कर के कैसे मदिरापान कर लेते हैं। फिर भी स्वच्छता के सिपाही मिशन को जारी रखते हुए पुरे प्रांगण,झाड झाड़ियों के बीच घुस घुस कर साफसफाई करने के पश्चात लोगों में जागरूकता संदेश दैने के लिए कोई भी मदिराप्रेमी नजर नहीं आये तों सीधे छत्तीसगढ़ प्रदेश के गृहमंत्री माननीय ताम्रध्वज साहू जी के निवास पहुंच कर सौजन्य भेंट करते हुए निवेदन किया गया कि मदिरा सेवन करने वाले अनुशासन के पक्के होते हैं।

### साहू समाज छावनी को मिली बड़ी सौगात

# खुद का होगा भवन, विधायक देवेंद्र यादव ने किया भूमिपूजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। साहू समाज को भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने एक और बड़ी सौगात दी है। छावनी क्षेत्र के साहू समाज के लोगों के लिए एक भव्य सर्व सुविधा युक्त साहू समाज का भवन बनाया जाएगा। इसके लिए आज भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम में साहू समाज के सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति में समाज के वरिष्ठ जनों के साथ मिलकर विधायक देवेंद्र यादव ने भूमि पूजन किया।



भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव समय-समय पर लोगों से भेंट मुलाकात करते हैं। इसी क्रम में कुछ माह पहले ही में छावनी क्षेत्र के निवासियों से भेंट मुलाकात करने पहुंचे थे। जहां उन्होंने लोगों से भेंट मुलाकात कर वार्ड के विकास कार्यों का निरीक्षण किए। साथ ही लोगों की समस्याएं भी जानी और समस्याओं का समाधान भी किये।

साहू समाज के वरिष्ठ जनों ने विधायक यादव से साहू समाज के भवन के निर्माण की मांग की थी ताकि साहू समाज भी अपने सामाजिक व धार्मिक पारिवारिक आयोजन उस भवन में कर सकें। समाज के वरिष्ठ जनों की मांग पर विधायक यादव तत्काल पहल की और संबंधित क्षेत्र के अधिकारी को जगह का चयन कर स्टिमेन्ट तैयार करने के निर्देश दिए थे। इसी के साथ ही भवन निर्माण के लिए शासन से स्वीकृति भी ले ली गई है। अब जल्द ही निर्माण कार्य की शुरुआत की जाएगी। इससे पहले आज भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जहां समाज के लोगों के साथ मिलकर विधायक देवेन्द्र ने भूमि पूजन किया। पंडित ने मंत्रोच्चार कर पूरे विधि विधान के साथ भूमि पूजन कार्यक्रम को संपन्न कराया। इस दौरान श्री यादव ने पूरे समाज के नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सब का आशीर्वाद और प्यारे मेरे लिए सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। साहू समाज ने हमेशा मुझे एक बेटे की तरह प्यार और सम्मान दिया है। और यह मेरा फर्ज है कि मैं भी समाज के हित में कुछ अच्छा करू। समाज के वरिष्ठ जनों ने समाज भवन की बात हुई थी। आज भूमि पूजन हो रहा है और जल्द ही समाज को एक अपना खुद का भवन मिल जाएगा। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ नागरिकों ने विधायक श्री यादव को धन्यवाद किया और दिल से आभार जताया।

# एकजुट मानवता ने दी कोरोना को शिकस्त - संभागायुक्त कावरे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** कोरोना काल ने हमें दिखा दिया कि तमाम उपलब्धियों के बावजूद कभी-कभी हम कितने लाचार हो जाते हैं। उन दिनों मैं जशपुर कलेक्टर था। झारखण्ड की राजधानी रांची का अस्पताल हमारे सबसे करीब था पर अधिकांश मरीज वहां तक पहुंच नहीं पाते थे पर हमने हिम्मत नहीं हारी।

चिकित्सकों, पैरामेडिकल, समाज सेवी संगठन, मीडिया, पुलिस, सबने मिलकर अपनी-अपनी व्यक्तिगत एवं सामूहिक चेष्टाओं से उस दु:स्वप्न को किसी तरह काटा। मानवता हमेशा इन सभी के प्रति कृतज्ञ रहेगी। उक्त आशय के उद्गार संभागायुक्त महादेव कावरे ने सृजन फाउंडेशन के स्थापना समारोह को मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किए। सृजन फाउंडेशन ने अपना स्थापना दिवस कोरोना वारियर्स को समर्पित किया। हाइटेक सुपरस्पेशालिटी हॉस्पिटल के सभागार में आयोजित इस समारोह में विभिन्न अस्पतालों के 23 चिकित्सकों, 3 स्वास्थ्यकर्मियों, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करने वाले 5 खिलाड़ियों एवं 5 मीडिया कर्मियों का भी सम्मान किया गया।

इस अवसर पर विशेष शिक्षक एवं दिव्यांग खेल प्रशिक्षक तोषेन्द्र कुमार वर्मा, दिव्यांग राष्ट्रीय खिलाड़ी केसर कुमार कुर्रे, युवा उद्यमी मयंक साटकर एवं वरिष्ठ बाल साहित्यकार एवं कवि गोविंद पाल को भव्या फाउंडेशन जयपुर द्वारा प्रेषित हिन्द शिरोमणि सम्मान से नवाजा गया।

समारोह को संबोधित करते हुए विशेष अतिथि भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं डॉ एम रविन्द्रन ने कोरोना काल की विभीषिकाओं को याद किया। उन्होंने कहा कि सिसकती मानवता के उस दौर में चिकित्सा एवं सेवा क्षेत्र से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति ने अति मानवीय सेवाभाव का परिचय दिया। समारोह की अध्यक्षता कर रहे बीएसपी के पूर्व प्रमुख वीके अरोरा ने कोरोना वारियर्स की हिम्मत और समर्पण का स्मरण किया। विशिष्ट अतिथि कृष्णा इंजीनियरिंग कालेज के निदेशक आनंद त्रिपाठी ने कोरोना काल में आईएमए और बीएसपी के चिकित्सकों तथा एम्स रायपुर के चिकित्सकों के प्रति आभार प्रकट किया। आईएमए दुर्ग के अध्यक्ष डॉ कौशलेन्द्र ठाकुर ने कहा कि सेवा कहीं से भी शुरू की जा सकती है। यदि आप किसी बुजुर्ग को लाइन में खड़े रहने से बचा सकते हैं तो वह आपको दुआएं देगा। मेटर्जिकल म्यूजिक मेकर्स के संयोजक ज्ञान चतुर्वेदी ने स्वागत भाषण दिया। फाउंडेशन के महासचिव राकेश शर्मा ने अभिनव कौशल विकास केंद्र का उल्लेख करते हुए बताया कि ये बच्चे हस्तकला में महारत रखते हैं।

## बोरिया गेट पर हुआ पुलिस सहायता केन्द्र का उद्घाटन, एसपी ने फीता काटकर किया शुभारंभ

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई** । भिलाई स्टील प्लांट के बोरिया गेट के पास दुर्ग पुलिस ने यातायात व पुलिस सहायता केन्द्र की स्थापना की है। सोमवार को दुर्ग एसपी डॉ अभिषेक पल्लव ने यातयात व पुलिस सहायता केन्द्र का शुभारंभ किया। यहां पर कुल पांच लाख की लागत से यातायात व पुलिस सहायता केन्द्र का निर्माण कराया गया है। इस मौके बीएसपी के ईडी एम चक्रवर्ती भी उपस्थित रहे। बता दें बोरिया गेट पर यातायात व पुलिस सहायता केन्द्र की जरूरत काफी समय से महसूस की जा रही थी। यहां प्लांट के भीतर जाने वाले भारी वाहनों के साथ फारेस्ट एवेन्यू से चलने वाले वाहनों की सुरक्षा को देखते हुए यातायात पुलिस की जरूरत तो थी ही साथ यहां आए दिन ट्रक चालकों के विवाद के कारण भी पुलिस की जरूरत महसूस की जा रही थी। दुर्ग पुलिस ने इसका समाधान किया और यहां पर




यातायात व पुलिस सहायता केन्द्र शुरू कर दिया है।

यातायात व पुलिस सहायता केन्द्र के शुरू होने से यहां की व्यवस्था में सुधार होगा और आए दिन हो रहे विवाद से भी छुटकारा मिलेगा। यातायात व पुलिस सहायता केन्द्र के शुभारंभ के अवसर पर डीएसपी ट्रैफिक सतीश ठाकुर, सीजीएम टाउनशिप वाई सपकाले, सीजीएम स्पेशल प्रोजेक्ट एसवी नंदनवार, सीजीएम एमएंडयू असित साहा, जीएम सेफ्टी जीबी सिंह, जीएम आइआर जेएन ठाकुर, टीआई भट्ठी थाना के के कुशवाहा, डीजीएम इंफोर्समेंट केके यादव, रोहित हरित, मिलिंद आदि उपस्थित रहे।

# पशुओं के लिए जैन समाज के युवाओं की टीम घर- घर कोटना और सकोरा कर रही है दान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** आवारा घूमने वाले मवेशियों और पशुओं के लिए दुर्ग के जैन समाज के युवाओं की 30 लोगों की टीम जीव दया ग्रुप इन दिनो शहर की हर महौल्ला जाकर घर- घर कोटना और सकोरा जाकर दे रही है ताकि आवारा घूमने वाले पशुओं को दिक्क़त न हो ग्रुप के सदस्यों के पास मेसेज आते ही कोटना और सकोरा का क्रमांक के माध्यम से सबके घर जाकर पहुँचाया जाता है इस बार 200 से अधिक कोटना और 1000 सकोरा बाटने का लक्ष्य है।

इसके लिए ग्रुप ने अलग -अलग टीम बनाई है जो घर -घर जाकर सकोरा और कोटना वितरण का कार्य कर रही है ग्रुप के योगेश कोचर ने बताया की गर्मी में बेजुबान जीवों को पानी चारा की समस्या अधिक हो रही है,



गंजपारा, ऋषभ नगर, पद्मनापुर,मालवीय नगर , महावीर कालोनी , गया नगर और खंडेलवाल कालोनी में वितरण किया गया आगे सभी जगह ये किया जाएगा।

हमने ये सेवा का कार्य चालू किया है आप भी जीव दया ग्रुप से संपर्क करके सकोरा और कोटना मँगवा सकते है। चलित प्याऊ घर- एक तरफ़ जहां 44 डिग्री गर्मी से परेशान लोग वही मानव सेवा के चलते जैन समाज के युवा चलित प्याऊ घर से लोगों की प्यास बुझा रहे है और ये संदेश दे रहे है की अब कोई न रहेगा प्यासज मिहिर कोचर, महेश पारख, गगन बोहरा ,हर्षित बुरड लाभ छाजेड सहित जैन समाज के 30 युवा और 20 युवतियाँ जुड़ी है।

### 25 अप्रैल से भिलाई में होगी शिव महापुराण कथा

# महापौर नीरज पाल व आयुक्त ने किया कथा स्थल का निरीक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई सिविक सेंटर स्थित जयंती स्टेडियम में शिव महापुराण का आयोजन होने वाला है। 25 अप्रैल से 1 मई तक होने वाले आयोजन की व्यवस्था को लेकर आज महापौर नीरज पाल स्वयं कथा स्थल पहुँचे और आयोजक समिति के साथ कार्यक्रम की तैयारियों की जानकारी लिए और सभी कार्य को योजबद्ध तरिके से कार्य करने निर्देश दिए।

उन्होंने कहा की भिलाई में इतना बड़ा धार्मिक आयोजन होना हम सब के लिए बहुत ही गर्व और सौभाग्य की बात है। जयंती स्टेडियम के सामने बड़े मैदान में होने वाला 7 दिवसीय आयोजन में बेहतर व्यवस्था बनाए निगम की टीम आयोजक समिति के साथ सभी कार्य में सहयोग करेगी। इसके पूर्व शिव महापुराण कथा स्थल की तैयारियों को लेकर महापौर श्री



नीरज पाल एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास ने छुट्टी के दिन होते हुवे भी निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ बैठक लिए। निगम सभागार में आयोजित बैठक में महापौर नीरज पाल ने स्वास्थ्य विभाग और अन्य विभाग के अधिकारियों की अलग-अलग टीम बनाने का निर्देश दिए है, उन्होंने कहा की कथा के दौरान कथा स्थल प्रांगण में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने पर्याप्त सफाई कर्मचारी रखे जिससे व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित हो सके। बैठक में महापौर ने अधिकारियो को निर्देश दिए की जयंती स्टेडियम में चारो प्रवेश द्वार के पास पर्याप्त पेयजल व्यवस्था की जाय। इसके अलावा चलित शौचालय की व्यवस्था होगी। निगम आयुक्त रोहित व्यास ने कथा स्थल में लोगों के लिए पर्याप्त पानी की सुविधा के लिए टैंकर की व्यवस्था करने का निर्देश दिए।

उन्होंने कहा की कार्यक्रम स्थल में व्यवस्था सँभालने अधिकारी कर्मचारियों की अलग अलग टीम बनाकर अलग अलग पालियो में काम करते हुवे पेयजल, सफाई सहित सभी जरूरी सुविधाएं प्रदान की जाएगी। प्रदीप मिश्रा जी कथा के समय गर्मी और बढ़ जाएगी ऐसे में भक्तों के कथा स्थल के समीप 4 मोबाइल मेडिकल यूनिट चिकित्सकीय टीम के साथ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ताकि किसी की तबियत ख़राब हो तो तत्काल मौके पर प्राथमिक उपचार मिल सके। महापौर नीरज पाल ने प्रदीप मिश्रा जी के शिव महापुराण कथा सुनने के लिए आने वाले भक्तों से अपील किया है की कथा स्थल पर कोविड प्रोटोकॉल का पालन अवश्य करें।

## संविदा प्रकोष्ठ (संकार्य) का ई-खरीदी पहल संपन्न

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के संविदा प्रकोष्ठ संकार्य विभाग के तत्वावधान में ई खरीदी पहल (जेम और एसआरएम-7) पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन भिलाई इस्पात संयंत्र के एचआरडीसी सभागार में किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में मुख्य महाप्रबंधक संविदा प्रकोष्ठ (संकार्य) के सी मिश्रा ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्य और खरीदी प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) अंजनी कुमार ने कहा कि तकनीकी और प्रौद्योगिकी के प्रयोग से समय का सदुपयोग व कार्य में पारदर्शिता आएगी। उन्होंने जीईएम से विक्रेताओं और समर्थकों की सर्वाधिक भागीदारी की सराहना की। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (रखरखाव एवं उपयोगिताएं) असित साहा ने पेपरलेस वर्क एवं समय की बचत पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (सेवाएं) पी के सरकार ने सूचना एवं प्रौद्योगिकी के माध्यम से कार्य को गति देने के प्रयासों की सराहना की। इस कार्यक्रम में जेम पर प्रस्तुति देने हेतु विशेष रुप से रायपुर से पधारे अमित कुमार उपाध्याय (बिजनेस फैसिलिटेटर/व्यापार सुगमकर्ता) ने जेम पोर्टल से कार्य करने की पद्धति, खरीदी पद्धति, रजिस्ट्रेशन पद्धति एवं निविदा जमा करने की पद्धति के बारे में बहुत ही विस्तारपूर्वक जानकारी दी। कंप्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग से वरिष्ठ प्रबंधक श्रीमती नम्रता जैफरीन ने एसआरएम पद्धति द्वारा निविदा भरने की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में विचार विमर्श व बातचीत के साथ-साथ ठेकेदारों द्वारा किए गए सभी सवालों का जवाब संविदा प्रकोष्ठ (संकार्य) के महाप्रबंधक दिलीप कुमार पंडा ने दिया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950